
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी, डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट
930144443



वर्ष- 15 अंक - 193 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 27 अप्रेल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### भिलाई में फिर एक बार कटर बाजी, शराब के लिए पैसा देने से मना करने पर कटर से किया वार


**भिलाई।** शहर के कटरबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ गई है। इसी कड़ी में पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत स्टोर पारा पुरैना में बीती शाम एक शख्स पर कटर से जानलेवा हमला हो गया। शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर बदमाश ने कटर चला दिया। घायल हालत में उसे पहले शास्त्री अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार स्टोर पारा पुरैना निवासी जे हरिश्चंद्र राव पर कटर से जानलेवा हमला हुआ। हरिशचंद्र राव से बिल्लू नाम के बदमाश ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। हरिशचंद्र ने रुपए देने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद बिल्लू से हरिशचंद्र पर कटर से हमला कर दिया। जिससे उनके सिर और उनके चेहरे से खून बहने लगा। लहूलुहान हालत में हरिशचंद्र सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया। गंभीर चोट के कारण दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### चुनाव के चलते कुछ लेट आएंगे 10वीं-12वीं के नतीजे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परिणाम मई के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाएंगे। राजधानी रायपुर में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे। माशिम इसके बाद परिणामों की घोषणा करेगा। निश्चित तिथि की घोषणा कुछ दिनों में कर दी जाएगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, दूसरे सप्ताह के प्रारंभ में ही माशिम परिणाम घोषित करेगा। बीते वर्षों की तरह इस बार भी दसवीं-बारहवीं के परिणाम एक साथ ही जारी किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अब परिणाम तैयार किए जा रहे हैं। यह कार्य भी लगभग अंतिम चरण में ही है।

### खारुन नदी एनीकट में मिली महिला की लाश

**रायपुर।** खारुन नदी एनीकट में शुक्रवार शाम महिला की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे के आस-पास के आसपास के लोगों ने महिला की लाश देखी और डायल 112 में सूचित



किया। सूचना पर डायल 112 के आरक्षक आरएस राजपूत ने मौके पर पहुंचकर लाश को नदी से बाहर निकलवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। कुम्हारी पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है।

# कांग्रेस के लिए अबूझ बन गया रायगढ़!

- भाजपा का 20 साल पुराना किला ढहा पाएगी कांग्रेस?
- सीएम विष्णुदेव साय के गढ़ में भाजपा जीत के प्रति आश्वस्त, लेकिन कांग्रेस के भी अपने दावे

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्वक निपटने के बाद अब तीसरे चरण में 7 सीटों पर 7 मई वोटिंग होनी है। प्रशासनिक स्तर पर इसके लिए तैयारियां की जा रही है तो राजनीतिक दल भी इस अंतिम दौर के मतदान को अपने पक्ष में करने शिद्दत से जुट गए हैं। 7 सीटों पर कुल 168 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें सबसे ज्यादा 38 प्रत्याशी रायपुर से हैं। वहीं दूसरे स्थान पर बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र है, जहां से 37 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। सरगुजा में 10 तो रायगढ़ में 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं जांजगीर चांपा की बात करें तो यहां कुल 18 उम्मीदवार हैं। कोरबा में 27 तो दुर्ग में 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला अंतिम चरण का मतदान करेगा। इन सबके बीच आज हम बात करेंगे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की, जहां वोटिंग को लेकर तैयारियां करीब-करीब पूरी की जा चुकी है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया का मुकाबला कांग्रेस की मेनका देवी सिंह से होगा।

छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीटों में रायगढ़ लोकसभा सीट को काफी अहम माना जाता है। इस सीट का आधा हिस्सा बिलासपुर तो आधा हिस्सा सरगुजा में पड़ता है। इस क्षेत्र में कुल 8 विधानसभा सीटें हैं। पिछले 5 चुनाव यहां से भाजपा लगातार जीतती आई है। जीत को लेकर इस बार भी भाजपा आश्वस्त दिखती है। हालांकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गढ़ रहे रायगढ़ में कांग्रेस ने भी मेनका सिंह के रूप में दिग्गज प्रत्याशी को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। इस सीट पर साल 1999 से लेकर 2019 तक भाजपा का कब्जा रहा है। लगातार पांच बार से रायगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करती आ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां की सांसद गोमती साय को पत्थलगाँव से टिकट दी थी। जीत के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। रायगढ़ लोकसभा सीट पर 7 बार भाजपा, 6 बार कांग्रेस, 1 बार निर्दलीय और एक बार दूसरी पार्टी ने जीत का स्वाद चखा है। साल 2009 में रायगढ़ लोकसभा सीट में कुल 14,32,746 मतदाता थे, इनमें 935746 वोटरों ने मतदान किया था। इस सीट से भाजपा से विष्णु देव साय ने कुल 4,43,948 वोटों से जीत दर्ज की थी। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 1626949 थी, इनमें 1217706 वोटरों ने मतदान किया था। इस सीट पर बीजेपी से विष्णुदेव साय ने कुल 6,62,478 वोटों से जीत हासिल की थी। बात अगर साल साल 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो इस साल रायगढ़ क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 1733805 थी। इनमें 1334395 वोटरों ने मतदान किया। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी गोमती साय ने 6,58,335 वोटों से जीत हासिल की थी।




### कांग्रेस-भाजपा में बराबरी की टक्कर

रायगढ़ लोकसभा अंतर्गत आने वाली 8 विधानसभा सीटों में जशपुर के तीन, रायगढ़ की चार और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की सारंगढ़ विधानसभा सीट शामिल है। इसमें जशपुर की तीनों सीटों पर तो विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। वहीं रायगढ़ जिले के तीन विधानसभा में उसे हार का सामना करना पड़ा। ये सीटें कांग्रेस के पास है। इसमें धरमजयगढ़, लैलूंगा और खरसिया शामिल है। रायगढ़ लोकसभा सीट में ग्रामीण आबादी का प्रतिशत 85.79 है। कुल आबादी में आदिवासियों का हिस्सा 44 फीसदी है जबकि अनुसूचित जाति की आबादी 11.70 फीसदी है। हालांकि यह भी निर्विवाद रूप से सत्य है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मुद्दे अलग-अलग होते हैं और मतदाता इसी आधार पर वोटिंग भी करते हैं। इसलिए विधानसभा चुनाव से तुलना की अपेक्षा यह देखना ज्यादा महत्वपूर्ण है कि भाजपा इस सीट पर लगातार 5 बार से जीत दर्ज कर रही है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले यानी 1999 से 2019 तक के पिछले चुनाव तक भाजपा को यहां कभी मात नहीं मिली। भाजपा इस सीट पर अपनी जीत को लेकर पूर्णतः आश्वस्त है।

### यह है मजबूत और कमजोर पक्ष

रायगढ़ लोकसभा सीट की बात करें तो रायगढ़ जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। जिले में राठिया समाज की बाहुलता है। इसमें धरमजयगढ़, लैलूंगा और खरसिया में राठिया समाज के लोग अधिक हैं। धरमजयगढ़, लैलूंगा और खरसिया तीनों विधानसभा सीट कांग्रेस के पास है। इन सीटों पर राठिया समाज की बाहुलता होने से जातीय समीकरण के अनुसार भाजपा मजबूत मानी जा रही है। इसके साथ ही भाजपा केंद्रीय योजनाओं के साथ ही मोदी की गारंटी को लेकर मतदाताओं तक पहुंच रही है। लेकिन यहां भाजपा के लिए कुछ दिक्कतें भी है। पार्टी मोदी की गारंटी और मोदी फेस के भरोसे है। क्षेत्र में राठिया समाज की बाहुलता है, लेकिन सभी सीटों पर नहीं है। इस लोकसभा सीट की 8 में से तीन सीटों पर ही भाजपा जीत दर्ज कर पाई थी। वहीं कांग्रेस के मजबूत पक्ष की बात करें तो मेनका सिंह का परिवार और बहनें राजनीति से जुड़े हुए है। यहां सारंगढ़ राजपरिवार का प्रभाव रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां की 8 सीटों में से तीन पर कब्जा किया। आदिवासी व अन्य समुदायों में मेनका परिवार की अच्छी पैठ है। भूपेश सरकार का कामकाज भी यहां मुद्दा है। कांग्रेस के कक्ष पक्ष को देखें तो राठिया समाज की बाहुल्यता और भाजपा द्वारा राठिया समाज से प्रत्याशी बनाया जाना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। इस समाज के वोटों को कांग्रेस कैसे साधेगी, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। वहीं कांग्रेस के मुद्दे भी यहां प्रभावहीन दिखते हैं।

### भाजपा का सबसे मजबूत किला

रायगढ़ सीट छत्तीसगढ़ राज्य के अस्तित्व में आने के बाद से ही भाजपा के लिए अपराजेय है। भले ही कांग्रेस ने यहां से मेनका देवी सिंह के रूप में मजबूत प्रत्याशी उतारा हो, लेकिन भाजपा रायगढ़ को छत्तीसगढ़ में अपना सबसे मजबूत किला मानती है। जबकि कांग्रेस इस सीट पर से अपना 25 साल पुराना बनवास खत्म करने की जद्दोजहद कर रही है। रायगढ़ लोकसभा सीट पर आजादी के बाद से 15 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इन चुनावों में 7 बार भाजपा तो छह बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। एक बार निर्दलीय और एक बार दूसरी पार्टी के प्रत्याशी जीते हैं। रायगढ़ लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की सबसे अहम सीट मानी जाती है। इसमें शामिल 8 विधानसभा क्षेत्र बिलासपुर और सरगुजा संभाग से आते हैं। इस लिहाज से मतदाताओं की मानसिकता क्षेत्र के आधार पर विभाजित दिखती है। संभवतः इस सीट पर कांग्रेस के संघर्ष की वजह भी यही है। हालांकि इस सीट को भाजपा का मजबूत किला बनाने में सबसे अहम् भूमिका विष्णुदेव साय की रही है, जो वर्तमान में राज्य के मुखिया हैं। ऐसे में कांग्रेस की मुश्किलें यहां कम होती नहीं दिखती है।

# बदला मौसम का मिजाजः हल्की बारिश के आसार, 7 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम खुशनुमा हो गया है। द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बारिश होने की संभावना बनी हुई है। बादल छाए रहने से उमस बढ़ने लगी है। तापमान में अगले तीन दिनों तक बदलाव की संभावना नहीं है। सबसे गर्म दुर्ग रहा है। यहां पारा 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद मध्य छत्तीसगढ़ में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश का मौसम बदलवा हुआ है। आने वाले दो दिनों तक मौसम ऐसे ही रहने की संभावना है। आज शनिवार को प्रदेश में मौसम का खुशनुमा है। बादल छाए हुए हैं। बारिश की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के एक-दो जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। साथ ही एक-दो जगहों पर गरज चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है। अगले दो दिनों में मौसम ऐसे ही रहने की संभावना है।

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दुर्ग और राजनांदगांव में दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया है। साथ ही रायपुर में अधिकतम तापमान 41.6 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# राशन कार्ड पर सख्ती की तैयारी, बदलेंगे नियम

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** मुफ्त राशन देने की केन्द्र सरकार की योजना पर कुछ सख्ती होने जा रही है। योजना की समीक्षा में पाया गया है कि बड़ी संख्या में अपात्र लोग सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसलिए अब राशन वितरण प्रणाली में बदलाव की तैयारी है। जून में इस पर अमलीजामा पहना दिया जाएगा।

गौरतलब है कि मुफ्त राशन वितरण योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना की देखरेख शीर्ष अधिकारी करते हैं। इस योजना में कुछ कमियां पाई गई थी जिसके बाद 1 मई से राशन वितरण प्रणाली में बदलाव लागू करने की बात चल रही है। अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, आचार संहिता लागू है। इसलिए इसकी घोषणा नहीं हो सकती लेकिन इसके लिए तैयारियां चल रही हैं।

बता दें कोरोनाकाल के दौरान पात्र लोगों के लिए केन्द्र सरकार ने फ्री राशन योजना की शुरूआत की थी। लेकिन अब ऐसी खबर आ रही है कि लाखों लोग ऐसे फ्री राशन का लाभ ले रहे हैं जो इसके लिए पात्र ही नहीं है। कई ऐसे परिवार भी फ्री राशन लेने पहुंच जाते हैं जो आर्थिक रूप से सक्षम है और कुछ तो इसमें से सरकारी नौकरी वाले भी हैं। अब सरकार ऐसे अपात्र लोगों के नाम काटने के लिए जिला स्तर से कार्रवाई कर रही है। जांच के बाद ऐसे लोगों के नाम काट दिए जाएंगे।




सूत्रों के मुताबिक, यह शिकायत भी मिल रही थी कि फ्री मिलने वाले गेहूं, चावल और अन्य अनाज उपभोक्ताओं को तौल में कम दिए जा रहे हैं। इसके निवारण के लिए भी सरकार ने कमर कस ली है। ऐसे में केंद्र सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पीडीएस केंद्रों के लिए एक नई नीति बनाई है। इस तरह की या राशन कार्ड से जुड़ी किसी भी शिकायत पर राशन डीलर का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

सरकार अब ऐसे राशन कार्ड को भी निरस्त करने की भी तैयारी कर रही है, जिनको पिछले 6 महीने से यूज ही नहीं किया गया है। इस तरह के राशन कार्डों की सूची तैयार की जा रही है। इसके अलावा कई और कदम उठाए जाने की तैयारी है। जल्द ही देश में एक राशन कार्ड की सुविधा होने जा रही है और सरकार की पूरी कोशिश होगी कि पात्र लोगों को ही राशन की सुविधा मिले।

# टूट गई नक्सलियों की कमर, बड़ी संख्या में हो सकता है आत्मसमर्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 16 अप्रैल को बीएसएफ और डीआरजी के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों के बाद अब बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर सकते हैं। यह सरेंडर कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद जताई जा रही है। नक्सलियों का यह आत्मसमर्पण नारायणपुर, कांकेर और दंतेवाड़ा समेत नक्सली प्रभावित कुछ अन्य इलाकों से हो सकता है।

खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी में पता लगा है कि 16 अप्रैल को कांकेर जिले के अबुझमाड़ पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को घेरा था। इस मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। इनमें नक्सलियों का टॉप कमांडर और प्रतापपुर एरिया कमेटी का चीफ शंकर राव, टॉप नक्सलियों में से एक ललिता माडवी और विनोद गावड़े को भी मार गिराया गया था।

सूत्रों ने बताया कि मारे गए तमाम नक्सलियों की पहचान हो गई है। इसके बाद पता लगा कि इनमेंसे केवल शंकर और ललिता ही नहीं बल्कि और भी कई नक्सलियों पर लाखों रुपये का इनाम घोषित था। इस तरह से करीब 10 नक्सलियों पर एक करोड़ 86 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनावों के दौरान रेकॉर्ड संख्या में मारे गए नक्सलियों के बाद एक खतरा इनके किसी दूसरे ग्रुप द्वारा आगामी चुनावों में गड़बड़ी करने को लेकर भी है। इसमें कुछ नक्सली बदला लेने की नीयत से हथियारों के साथ हमला कर सकते हैं।

इस तरह के किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सुरक्षाबल पूरी तरह से तैयार हैं। माना यह भी जा रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में मारे गए नक्सलियों के बाद इनकी बुरी तरह से कमर टूट गई है। अब नक्सलियों को एकजुट होने और सुरक्षाबलों से लोहा लेने के दौरान अपनी जिंदगी को दांव पर लगाने पर सोचना होगा। सरकार नक्सली प्रभावित इलाकों को इनसे फ्री करने के लिए दृढ़ है।

## धरती के भगवान तो ठगेंगे ही

श्रीकंचनपथ




आपको केवल वही ठग सकता है जिसपर आप भरोसा करते हैं। जिससे आप नफरत करते हैं, उसकी लगभग सारी बुराइयों और चूकों पर आपकी पैनी नजर होती है। इसलिए जिस पर आप संदेह करते हैं, वह कभी आपको ठग नहीं सकता। ठगी के शिकार को अकसर भोला-भाला माना जाता है पर यह सही नहीं है। ठगी के मूल में लालच होती है। लोग लालच में आकर ठगों की बातों पर भरोसा करते हैं और फिर जब चूना लग जाता है तो हाय तौबा मचाते हैं। फिर करने को ज्यादा कुछ रह नहीं जाता। ठगी का यह गोरखधंधा निजी रिश्तों से लेकर राजनीति तक जाता है। फिल्म 'थ्री ईडियट्स' में एक चुटीला संवाद है -'धन होता सबके पास है पर देता कोई नहीं है। इस महापुरुष ने अपना धन आपके हाथों में दे दिया।' हमारा मानना है कि 95 प्रतिशत पाठक इसे सुधार कर पढ़ सकते हैं। कुछ समय पहले तक लोगों को लगता था कि सरकार के पास पैसे नहीं हैं। वह दीवालिया हो चुकी है। इसलिए लोगों को सरकार से सहानुभूति होती थी। सरकारी कामकाज में भुगतान विलम्ब से मिलता था इसलिए केवल वही लोग सरकार का काम करते थे जो भुगतान के लिए साल दो साल इंतजार कर सकते थे। शेष अपने आप इस दौड़ से बाहर हो जाते थे। पर जब केजरीवाल ने खजाने का मुंह खोला तो पुरानी राजनीतिक पार्टियां सकते में आ गई। मरते क्या न करते, उन्हें भी अपनी पोटली खोलनी पड़ी। आज सभी पार्टियां एक दूसरे से ज्यादा बांटने की प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कोई यह फ्री कर रहा है तो कोई वह फ्री कर रहा है। हिसाब का जन्म भले ही भारत में हुआ हो पर 95 फीसदी से ज्यादा लोग हिसाब से बचना चाहते हैं। बच्चों की स्कूल फीस भरने के बाद कुछ ही लोग ऐसे होंगे जो उसमें अलग-अलग मदों में कितना-कितना पैसा लिया गया, इसपर नजर दौड़ाते होंगे। बिजली बिल में भी अधिकांश लोग केवल टोटल देखते हैं। उन्हें कितनी सब्सिडी दी गई है यह भी मोटे-मोटे अक्षरों में लिखा होता है पर बहुत कम लोग उसे पढ़ते हैं। अस्पताल का डीटेल बिल पढ़ने-समझने के लिए तो पूरा दिन चाहिए। कौन इतनी जहमत उठाएगा? खूब पढ़ा लिखा भारतीय ग्राहक भी सब्जियां खरीदने के बाद हिसाब लगाने की जहमत नहीं उठाना चाहता। सीधे दुकानदार से ही पूछ लेता है - कितना हुआ और फिर क्यूआर कोड को स्कैन करता है और यूपीआई से पेमेंट कर चुपचाप घर चला जाता है। ऐसे में कोई उन्हें सरकार का हिसाब किताब समझाने बैठे तो कौन उनकी सुनेगा? इसलिए राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक भर-भर के झूठ बोलते हैं और लोग ताली पीटने लगते हैं। जनता की मूर्खता पर उन्हें पूरा-पूरा भरोसा होता है। स्टार प्रचारक खुद इसी सामूहिक मूर्खता की उपज हैं। काश! किताबी शिक्षा के साथ ज्ञान भी कहीं खरीदने को मिल जाता। लोग किलो-दो किलो ज्ञान भी ऑनलाइन आर्डर कर लेते।




## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

> ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था। भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है।

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा। इस मिसाइल पणाली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं।

यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है। हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा।

अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। नि:संदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।

## नजरिया

> अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में 'विश्व साइबर अपराध सूचकांक' तैयार किया है, जिसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है।

# भारत में साइबर अपराध का बढ़ता दायरा



सतीश सिंह

इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। ऐसे अपराधों के मामले में रूस शीर्ष पर है और फिर यूक्रेन, चीन, अमेरिका, नाइजीरिया, रोमानिया और उत्तर कोरिया हैं। भारत में कई तरह के साइबर अपराध होते हैं। हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिये अपराध करने की घटनाओं में तेजी आयी है। कॉल फॉरवर्डिंग एक ऐसा फीचर है, जिसकी मदद से एक कोड डायल कर सेवा शुरू या बंद की जा सकती है। कॉल फॉरवर्डिंग के जरिये स्कैमर कॉल कर उपभोक्ता को कहता है कि हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है।

इसे दूर करने के लिए आपको 'स्टार 401 हैशटैग' डायल करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता को अनजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं, जिसमें बैंक और क्रेडिट कार्ड से हुए लेन-देन के ओटीपी भी शामिल होते हैं। इनका इस्तेमाल स्कैमर उपभोक्ता के खाते से पैसे निकालने, सोशल मीडिया में एक्सेस करने और नया सिम जारी करवाने में करते हैं। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सरकार ने 15 अप्रैल से यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा बंद कर दी है। उपभोक्ताओं को भी सतर्क रहने को कहा है।

विगत वर्षों में डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ साइबर अपराध में तेज वृद्धि हुई है। सोशल मीडिया भी ठगी के साधन बन गये हैं, जहां फर्जी प्रोफाइल बनाकर ऐसा किया जा रहा है. गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जवाब ढूंढने लगे हैं। ठग नामचीन भुगतान एप, जैसे-गूगल पे, फोन पे, पेटीएम आदि, के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं, जिसके कारण लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं. अब तो ब्राउजर एक्सटेंशन के डाउनलोडिंग के जरिये भी साइबर अपराध किये जा रहे हैं। यह काम वायरस के सहारे किया जाता है। सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिये हुए ऑनलाइन लेन-देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अमूमन लोग ऐसा नहीं करते हैं और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है।

इसलिए बैंकिंग डिजिटल उत्पादों के उपयोग में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या फिर यूजर की कंपनी की फर्जी बेवसाइट बनाकर, जिसका स्वरूप असली बेवसाइट जैसा होता है, उससे लुभावने मेल किये जाते हैं। मोबाइल का चलन बढ़ने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिसमें संक्रमित लिंक होता है. मैलवेयर कंप्यूटर या मोबाइल या टैब के सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ यूजर की वित्तीय जानकारी चुरा लेता है। यह फर्जी ईमेल भी भेज सकता है और इसके जरिये ठगी के साथ-साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है तथा किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल की जा सकती है।

आजकल साइबर अपराधी कॉल या मैसेज से लोगों को बिना कर्ज लिये ही कर्जदार बताकर वसूली कर रहे हैं। ऐसी ब्लैकमेलिंग छोटी राशि के लिए ज्यादा की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग पुलिस में शिकायत नहीं करें। यूजर पढ़ा-लिखा हो या अनपढ़, आज सभी साइबर अपराध के शिकार बन रहे हैं। बैंक के डिजिटल उत्पाद साइबर अपराध का जरिया बन गये हैं। फिर भी, सजग, सतर्क और जागरूक रहकर डिजिटल उत्पादों से किये जा रहे साइबर अपराध से बचा जा सकता है। अगर लोग ब्राउजिंग सेशन के दौरान सतर्क रहें, वेबसाइट या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें, अनजान नंबर या ईमेल आईडी से आये अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसीनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें, तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये फॉरवर्ड होने वाले संदेहास्पद लिंक के जाल से बचा जा सकता है।

मोबाइल एप से लोन लेना सूदखोर, महाजन, साहूकार से भी ज्यादा खतरनाक है। कई बार लोन रिकवरी एजेंट लोगों से सिर्फ पैसे ही नहीं ठगते हैं, समाज में उन्हें बदनाम भी कर देते हैं। सूदखोर, महाजन, साहूकार मोटे तौर पर गांव व कस्बे तक सीमित थे, पर लोन रिकवरी एजेंट की व्यापकता देश-काल से परे है। अधिकांश मोबाइल चीन में निर्मित हैं और उनका सर्वर भारत से बाहर होता है। इसी कारण अधिकांश रिकवरी एजेंट चीन, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका आदि से ठगी का कारोबार कर रहे हैं। इसलिए पुलिस में शिकायत करने के बावजूद ठगों को पकड़ना आसान नहीं है। यहां सावधानी ही बचाव है। लालच नहीं करें। मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आयें। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लें। निडर बनें, तभी साइबर अपराध का शिकार बनने से बचा जा सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ीमैन' के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में 'ईट, मोती और हड्डियां- हड़प्पा सभ्यता' पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।

2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया।

हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है। डीएनए विश्लेषण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले। भिन्न आकार-आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवांशिकी' के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है। डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है। बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल 'सप्त सिंधु' मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त

भारत डोगरा

गाजा में, यूक्रेन में, सुडान में और कितने ही स्थानों पर आज विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त है। महाविनाशक हथियारों की ऐसी बहुत खतरनाक होड़ पहले से और तेज हो रही है जो दुनिया को किसी बड़े संकट की ओर ले जाएगी। जो अंतरराष्ट्रीय संस्थान विश्व शांति और निशस्त्रीकरण के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं, वे कभी असहाय नजर आते हैं तो कभी केवल चिंता प्रकट करने या बयानबाजी तक ही अपनी जिम्मेदारी को समेट लेते हैं। इस बिगड़ती स्थिति को संभालना बहुत जरूरी है। उम्मीद की एक किरण हम सब जनसाधारण अपने प्रयासों से भी ला सकते हैं। बेशक, हम जनसाधारण प्रत्यक्ष रूप से बड़े युद्ध समाप्त नहीं कर सकते पर अपने आसपास की हिंसा को समाप्त कर या न्यूनतम कर एक अमन-शांति पर आधारित दुनिया बनाने के लिए अच्छी शुरुआत जरूर कर सकते हैं। दुनिया आखिर करोड़ों परिवारों के मिलने से ही तो बनती है, लाखों समुदायों के मिलने से ही तो बनती है। यदि परिवार और समुदाय स्तर से ही अहिंसक विश्व बनाने की बड़ी पहल हो तो इसका असर दूर तक भी जा सकता है।

यदि परिवार और समुदाय के स्तर पर हम अहिंसा की जो सीख प्राप्त करते हैं, उसका उपयोग आगे, अधिक व्यापक स्तरों पर अमन-शांति के प्रयासों के लिए करते रहें। इस सोच के मूल में यह समझ है कि हिंसा मनुष्य के दुख-दर्द का एक प्रमुख कारण है। हर मनुष्य दुख-दर्द कम करना चाहता है और इसके लिए एक प्रमुख मार्ग यह है कि वह अपने भीतर की हिंसा और अपने आसपास की हिंसा को कम करे। यह मार्ग हम सबको उपलब्ध है, पर फिर भी यह प्राय: उपेक्षित है। यहां तक कि अपने भीतर की हिंसा को एक समस्या के रूप में पहचानने की प्रवृत्ति भी कम ही नजर आती है। पर वास्तविकता तो यह है कि मनुष्य के भीतर की हिंसा और आसपास की हिंसा अधिकांश समाजों में एक बड़ी समस्या है। भारत हो या अमेरिका इसकी एक बड़ी अभिव्यक्ति घरेलू हिंसा के बेहद चिंतित करने वाले आंकड़ों में उपलब्ध होती है।

अमेरिका जैसे 'विकसित' समाज में भी एक वर्ष में 110 से 120 लाख व्यक्ति घरेलू हिंसा अपने नजदीकी साथी (इंटीमेट पार्टनर) की हिंसा का शिकार होते हैं (प्रति मिनट 20) और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा महिलाओं का है। 19 प्रतिशत घरेलू हिंसा की घटनाओं में किसी न किसी हथियार का उपयोग भी होता है। घरेलू हिंसा की बड़ी वारदात को रहने दें तो भी कितने ही दिन जनसाधारण के ऐसे गुजरते हैं जिसमें छोटी-छोटी बातों में, क्रोध के आ जाने से जो कहा-सुनी हो जाती है उसके कारण दिन खराब हो जाता है, दुख भी होता है। हमारे समाज में परिवार में प्रेम और लगाव बहुत है, पर झगड़े भी कम नहीं हैं- फिर चाहे पति-पत्नी के झगड़े हों, भाई-भाई या सास-बहू के। अंत में अधिक सहना तो महिलाओं और बच्चों को ही पड़ता है, जबकि घरेलू हिंसा के दौर में बच्चे जो सहते हैं उसका अहसास भी कई बार व्यस्क सदस्यों को नहीं होता। बाद में मन में आता है कि ओह, क्रोध में हम क्यों नाहक अपने प्रियजनों को परेशान करते हैं और स्वयं भी होते हैं, पर यह सोचने के बाद भी बार-बार ऐसी वारदात होती ही रहती हैं। इसकी वजह यह है कि अपने भीतर की हिंसा को पहचानने और उसे कम करने के जरूरी प्रयास नहीं होते। इसके साथ कहीं न कहीं आधिपत्य की भावना जुड़ी होती है। यह लिंग आधारित हो सकती है (पुरुष द्वारा महिला पर आधिपत्य समझना), आयु-आधारित या धन-संपत्ति आधारित हो सकती है।

वास्तव में अहंकार, क्रोध, आधिपत्य, हिंसा यह सब आपस में जुड़े हुए हैं। फिर इन के साथ यदि नशे की प्रवृत्ति जुड़ जाए, विशेषकर शराब के नशे की प्रवृत्ति, तो इन सब की अभिव्यक्ति और भयानक रूप में हो सकती है। यदि इस सब को एक गंभीर समस्या के रूप में समझ कर इसे कम करने का प्रयास होगा तो विभिन्न व्यक्तियों और परिवारों में दुख-दर्द, परेशानी, तनाव, अपमान, आहत होने के अहसास और अवसाद में बहुत कमी आ सकती है, तथा दूसरी ओर खुशहाली, परस्पर प्रेम और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस तरह समाज की सबसे छोटी पर बुनियादी इकाई के स्तर पर अहिंसा के प्रयासों को जो सफलता मिलेगी, उसके आधार पर जनसाधारण को, महिलाओं और पुरुषों को, युवाओं और छात्रों को प्रेरित कर समुदाय के स्तर पर अधिक व्यापक भूमिका के लिए तैयार किया जा सकता है। समुदाय में जो धर्म, जाति, लिंग आदि के स्तर पर भेदभाव हैं, वह भी मन के अंदर की हिंसा की एक अभिव्यक्ति है। हिंसा, आधिपत्य, अहंकार के मिले-जुले असर से किसी अन्य मनुष्य को धर्म, जाति के आधार पर हीन भावना से देखा जाता है।

धर्म, जाति उप-जाति के आधार पर किसी को हीन मानना या उससे भेदभाव करना बुनियादी तौर पर अनुचित और अन्यायपूर्ण है पर जब सामुदायिक स्तर पर लोगों के दिलों में हिंसा, आधिपत्य और अहंकार की प्रवृत्ति है तो वह इन अनुचित रूपों में प्रकट होती रहती है जिससे अंत में क्षति पूरे समुदाय की ही होती है। जिनसे भेदभाव या अन्याय होता है वे तो आहत ही होते हैं, किन्तु जो अन्याय और भेदभाव करते हैं, वे भी सही मानवीय विकास की संभावनाओं से दूर हो जाते हैं, उनका सही विकास नहीं होता है और वे संकीर्ण विचारों के जाल में फंसे हुए अपने और अपने निकटस्थों के लिए कई समस्याएं उत्पन्न करते रहते हैं। दूसरी ओर अहिंसा और अमन-शांति का संदेश सही ढंग से पूरे समाज में पहुंचता है तो समुदाय के सभी लोगों की उचित न्यायसंगत प्रगति के अवसर बढ़ते हैं, पूरे समुदाय की एकता और मजबूती बढ़ती है, खुशहाली बढ़ती है। इस तरह के सामुदायिक प्रयास पूरे देश में होते हैं तो पूर्ण राष्ट्र की खुशहाली, समता, एकता और प्रगति मजबूत होती है। यह इस रूप में मजबूत होती है कि अपने सभी लोगों में प्यार और सद्भावना बढ़ते ही हैं, पर देश की यह बढ़ती एकता और मजबूती किसी अन्य देश के लिए खतरा नहीं बनती है क्योंकि यह प्रगति मूलत: अमन-शांति और अहिंसा पर आधारित है। इस तरह यदि राष्ट्र की प्रगति होती है तो राष्ट्र की यह क्षमता भी साथ-साथ बढ़ती है कि वह हिंसा से बुरी तरह आहत दुनिया को अमन-शांति की राह दिखा सके। कल्पना कीजिए कि यदि विभिन्न देश इस तरह समाज की छोटी इकाई से ऊपर तक अमन-शांति और अहिंसा के प्रसार का प्रयास निरंतरता से करें तो क्या पूरे विश्व में अमन-शांति की संभावना नहीं बढ़ सकती है? क्या युद्ध की संभावना को न्यूनतम करते हुए विनाशक और महाविनाशक हथियारों की होड़ और दौड़ को भी नहीं रोका जा सकता? यह सब कोरी कल्पना नहीं है, वास्तविक संभावना है। कहा भी गया है, बहुत सी बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत छोटे स्तर पर ही होती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना। यह कहना कि 'उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि 'स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे।' राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो 'घुसपैठिए' हैं, वे 'जिनके ज्यादा बच्चे' हैं, का पहला हक होने' की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं। पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं।

चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरुद्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है। दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं।

मनमोहन सिंह ने 'देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने' की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान 'घुसपैठिए' नहीं हैं। वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोड़ने पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरुद्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक 'बहुरत्नधारी वसुंधरा' मानते हैं, लेकिन पूरे समुदाय को एक विरोधी के रूप में पेश करके, प्रधानमंत्री उस बहस को व्यापक करने की संभावनाओं को सिकोड़ देते हैं।

# हर फिक्र को धुएं में उड़ाता



रजनीश कपूर

> साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म 'हम दोनों' का गाना 'हर फिक्र को धुएं में उड़ाता' सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा।

फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी। आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है। दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क 'नर्व सेल' से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को 'एनिमल पार्ट' कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के 'एनिमल पार्ट' को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं।

इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदाथरे पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची।

उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से साबित कर दिया कि सिगरेट के धुएं में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं, यह न केवल धूम्रपान करने वाले, बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। सिगरेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही, सिगरेट के डब्बों पर भी स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियां भी छापी जाने लगीं परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिगरेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रुख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख्त नहीं थे।

इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फंस गए। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चांदी होने लगी। सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिगरेट पीने को 'स्टेटस सिंबल' या सामाजिक स्थिति का संकेतक मानते हैं। समझते हैं कि धूम्रपान करना ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है, परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं। इस लत के चलते न सिर्फ आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। धूम्रपान करने से मिलने वाला आंशिक 'सुकून' बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर करता है, और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी धूम्रपान करते किसी व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो यह सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फिक्र धुएं में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फिक्र उड़ने की बजाय और बढ़ रहे हों?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण है : अलका लांबा

**रायपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक अलका लांबा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ के एक सीट पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को हुआ। 26 अप्रैल को देशभर में दूसरे चरण का चुनाव हो रहा है। छत्तीसगढ़ की तीन सीटो पर मतदान हो रहा है। आप का एक वोट देश को संविधान बचाने के लिये है। एक कीमती वोट देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये है। जो हक अधिकारो को संविधान में दिये गये है और लोकतंत्र की आवाजो को जिसको देश में बैठकर एक तानाशाह सरकार कुचल रही है उसे हमे बचाना है। छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभाओं में मतदान चल रहे है। 22 राज्यों से होकर गुजरी हूं। दक्षिण भारत के केरल में आज 20 के 20 सीटों में वोट हो रहा है। अलका लांबा ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की कहीं कोई लहर नहीं है। आपका एक वोट देश और संविधान को बचायेगा। भाजपा का 400 सीटों का दावा खोखला साबित हो रहा है। 10 साल कुशासन के, 10 साल अन्याय काल के, 10 साल तानाशाही के गुजरें। ये चुनाव देश का चुनाव है यह मुद्दे राष्ट्रीय मुद्दे है प्रधानमंत्री डरे हुये हैं, अपनी हार को देखकर बौखला गये है। प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे कांग्रेस के न्याय पत्र में मुस्लिम लीग मुसलमानों को सम्पतिया देना हिन्दु मुस्लिम करना कुछ भी आरोप बौखलाहट मे लगाये चला जा रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री से लिखित में मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री बताये कांग्रेस के घोषणा पत्र, कांग्रेस के न्याय पत्र के कौन से पन्ने पर जो प्रधानमंत्री जो झूठ बोल रहे है वो लिखा हुआ है। सच्चाई यह है कि भाजपा की हार अब कोई रोक नहीं सकता। उत्तर भारत में भाजपा को भारी सीटो का नुकसान हो रहा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान जैसे सभी राज्यों में भारी सीटों का नुकसान हो रहा है।

### छोटी और अस्पष्ट फोटो लगाने से परिणाम में परिवर्तन नहीं आने वाला : भूपेश बघेल

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें शिकायतें मिली हैं कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर उनकी तस्वीर आकार में अपेक्षाकृत छोटी और अस्पष्ट है। आम चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को राजनांदगांव सीट पर मतदान जारी है. बघेल का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडे से है। बघेल ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, मतदाता फोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फोटो छोटी व अपेक्षाकृत अस्पष्ट है। निर्वाचन आयोग ने जैसी फोटो मांगी थी, वैसी दी गई थी। इससे निष्पक्षता के निर्वाचन आयोग के दावों की कलई खुल गई है। क्या यह षड्यंत्र पूर्वक किया गया है? हालांकि इससे परिणाम नहीं बदलने वाला है। एक अन्य पोस्ट में बघेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर राजनांदगांव सीट के टेडेसरा गांव में एक मतदान केंद्र में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया। बघेल ने लिखा है, भूपेश बघेल स्वयं प्रत्याशी है और उसे भाजपा के लोग पोलिंग बूथ पर जाने से रोक रहे हैं। भाजपा बूथों पर अपने गुंडे भेजकर लोगों को डराने, धमकाने का काम कर रही है। अपने खिलाफ लोगों का रुझान देखकर छर्रे और उनके आका दोनों बौखला गए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करें।

# छत्तीसगढ़ इस बार सभी 11 सीटें भाजपा को दे रहा है : अमित शाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की दुर्ग लोकसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, 'कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति ने भुवनेश्वर साहू की जान ले ली। छत्तीसगढ़ की जनता ने ईश्वर साहू को जीताकर यह साबित कर दिया कि प्रदेश में तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी।'



उन्होंने कहा कि, 'कांग्रेस ने हमेशा छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का विरोध किया, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ की स्थापना की। आने वाले दो साल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देगी। कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के कारण नक्सलवाद का पोषण किया। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 साल में समग्र देश से नक्सलवाद को खत्म कर दिया। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद बचा रह गया क्योंकि यहाँ भूपेश बघेल की सरकार थी। महज 4 महीने के अंदर भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ सरकार ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त करने का काम किया है। 123 लोग गिरफ्तार हुए, 225 लोगों ने समर्पण किया। आने वाले दो वर्षों में मोदी सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।'

उन्होंने कहा कि, 'आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को अटका, लटका और भटका कर रखा था। मोदी ने केस भी जीता, भूमि-पूजन भी की और 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा भी कर दिया। वोट बैंक के कारण राहुल गांधी ने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को ठुकरा दिया।'

अमित शाह ने कहा कि, 'खड़गे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना? उन्हें मालूम होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। कांग्रेस ने दशकों तक धारा 370 को अनौरस संतान की तरह सम्हाल कर रखा था। मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया, इससे कश्मीर हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बन गया। पार्लियामेंट में राहुल गांधी कहते थे कि धारा 370 को हटाने से खून की नदियाँ बह जाएंगी। मैं राहुल गांधी को कहना चाहता हूँ कि 5 साल हो गए धारा 370 को हटाए हुए, खून की नदियाँ तो दूर किसी की कंकड़ चलाने तक की हिम्मत नहीं हुई। मोदी ने इस देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को समाप्त किया है।'

अमित शाह ने कहा कि, '10 साल तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पाकिस्तान से आलिया, मालिया और जमालिया आते थे और बम-धमाका कर के भाग जाते थे, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस कुछ नहीं करती थी। मोदी सरकार में भी पाकिस्तानी आतंकवादियों ने यही सोचकर उरी और पुलवामा में बम-धमाके करने की गलती कर दी। वह भूल गए थे कि यह नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। 10 दिन के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है।'

अमित शाह ने कहा कि, 'महज 10 साल में मोदी ने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम, 12 करोड़ शौचालय बनाने का काम, 4 करोड़ लोगों को आवास देने का काम, 3 करोड़ लोगों के घर में बिजली पहुँचाने का काम, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला का कनेक्शन देने का काम, 14 करोड़ लोगों को नल से जल देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। मोदी 3.0 में अगले पाँच साल तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। अब घर-घर पाइप से गैस पहुँचाने की योजना पर काम चल रहा है।'

उन्होंने कहा कि, 'एक ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहे नरेन्द्र मोदी के ऊपर 25 पैसे तक का आरोप नहीं लगा है और दूसरी ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले करने वाले कांग्रेस और यूपीए के नेता हैं। भूपेश बघेल ने महादेव एप के नाम पर घोटाला किया, शराब घोटाला किया, कोयला घोटाला किया, एससी एसटी युवाओं के नियुक्ति में घोटाला किया, अनाज घोटाला, सीमेंट घोटाला, रेत घोटाला, पीएससी घोटाला, गोठान घोटाला और न जाने कितने घोटाले किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाने का काम किया है।' अमित शाह ने कहा कि, 'भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का अपना वादा पूरा किया है। 3,100 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी करने का अपना वादा भी भारतीय जनता पार्टी ने निभाया है। 12 लाख से अधिक किसानों को बोनस देने का काम भी भाजपा की सरकार में हुआ है।' उन्होंने कहा कि, 'देश भर में पिछड़ा वर्ग का सबसे ज्यादा विरोध करने वाली पार्टी कांग्रेस है। ओबीसी विरोधी कांग्रेस पार्टी ने सालों तक काका साहेब कालेलकर और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर रखा। कांग्रेस ने केंद्र की संस्थाओं में कभी भी ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया और न ही ओबीसी आयोग बनाया। ओबीसी आयोग बनाकर मोदी ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार देने का काम किया है। कांग्रेस झूठ फैला रही है कि 400 सीट मिलने पर भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी। जब तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, तब तक इस देश से एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई भी नहीं हटा सकता है।'

### कांग्रेस मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर चल रही है

अमित शाह ने कहा कि, 'कांग्रेस पार्टी कहती है कि सत्ता में आने के बाद अल्पसंख्यकों के लिए अलग कानून बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर आगे बढ़ रही है। जब तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार है यह देश शरिया के आधार पर नहीं चलेगा। ष्ट्र, ट्रिपल तलाक और धारा 370 को भारतीय जनता पार्टी किसी को हाथ नहीं लगाने देगी। उन्होंने कहा कि, 'भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दुर्ग में 500 किलोमीटर की सड़क आई और सीमित ऊँचाई वाले ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ। अमृत भारत स्टेशन के तहत दुर्ग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में 1,500 करोड़ रुपये की लागत से 7 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। छत्तीसगढ़ में 7,000 यात्रियों की क्षमता वाली प्रतीक्षालय का निर्माण भी हुआ है। तुर्क-राजनांद गाँव रेलवे लाइन की शुरुआत हो चुकी है। दुर्ग के 2 लाख घरों में जल जीवन मिशन का फायदा पहुँच रहा है। 2 लाख 9 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया। 11 लाख किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिला है। अटल ने छत्तीसगढ़ को बनाया और मोदी छत्तीसगढ़ को सँवार रहे हैं।' अंत में, उन्होंने 400 पार के साथ प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने और तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

## बालको के अग्निशमन सेवा सप्ताह से अग्नि सुरक्षा जागरूकता को मिला बढ़ावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अग्नि सुरक्षा अभियान के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस साल के थीम 'अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें' के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा जागरूकता और तैयारियों को बढ़ाने का कार्य किया गया। सप्ताह भर चले इस पहल में कर्मचारी, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न पहल के माध्यम से अग्नि-सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूक किया गया।

14 अप्रैल को शुरू हुए इस सप्ताह में अग्नि सुरक्षा के महत्व बढ़ावा देते हुए च्जि, ड्राइंग और स्लोगन सहित आकर्षक प्रतियोगिता कार्यक्रम को आयोजिक की गई। बालको ने आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देशों और तैयारियों पर केंद्रित एक विशेष ष्नुक्कड़ नाटकष् था। बालको द्वारा कंपनी के विभिन्न विभाग और उप-व्यावसायिक इकाई (एसबीयू) से अग्नि सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करके कार्यक्रम का समापन किया गया। संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों को सराहा गया। कंपनी ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी एल) के प्रतिनिधियों सहित कोरबा के आसपास के अन्य औद्योगिक कंपनियों को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। हम सभी के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा उपायों में आगे रहने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने और तकनीक का लाभ उठाने के लिए कटिबद्ध हैं। सुरक्षित कार्यस्थल के साथ हम सभी के लिए एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने और संविधान की रक्षा का है : डॉ. महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत कोरबा प्रवास पर रहे। उन्होंने कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कुसमुंडा, दर्री, बालको आदि क्षेत्रों में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक लेकर चार्ज किया। डॉ. महंत ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने और संविधान की रक्षा का चुनाव है इसलिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरे जी-जान से लग कर और कमर कस कर तैयार रहें।



लोकतंत्र को बचाने के साथ देश में बढ़ी हुई महंगाई, बेरोजगारी को खत्म करने के लिए केन्द्र में सरकार बदलना ही होगा। डॉ. महंत ने कहा कि आप ही प्रत्याशी और आप ही कार्यकर्ता हो, सभी कार्यकर्ताओं को संगठित रहने की जरूरत है। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं और कार्यकर्ताओं के बूते हम इस चुनाव को भी जीतेंगे। डॉ. महंत ने कहा कि आपसी समन्वय और तालमेल से बड़ी से बड़ी लड़ाई को जीता जा सकता है।

किसी के बहकावे और डर में आने की जरूरत नहीं है। हम निडर होकर पूरी मजबूती के साथ चुनाव में डटे हैं। डॉ. महंत ने इंडिया गठबंधन में सहयोगी सीटू कार्यालय बालको में पदाधिकारियों व सदस्यों की भी बैठक ली। डॉ. महंत का स्वागत, अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीटू के पदाधिकारी एसएन बनर्जी ने किया। डॉ. महंत के दौरा के दौरान जगह-जगह उनका समर्थकों द्वारा स्वागत किया जाता रहा। इस दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, श्यामसुंदर सोनी, मूल निवासी मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती, गणेशदास महंत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## महिला चेंबर एवं न्यूट्रीशिप के संयुक्त तत्वाधान में हेल्दी लाइफस्टाइल बॉडी मास इंडेक्स एवं हेल्दी सलाद पर कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि महिला चेंबर एवं न्यूट्रीशिप के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. अरुणा पलटा एवं शिल्पी गोयल के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 25 अप्रेल 2024 को चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में हेल्दी लाइफस्टाइल, बॉडी मास चेकअप एवं हेल्दी सलाद पर कार्यशाला रखी गई जहां बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं का बॉडी मास चेकअप किया गया तथा हेल्दी लाइफस्टाइल और हेल्दी सलाद पर आवश्यक जानकारी दी गई।



महिला चेंबर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि आज के समय में कामकाजी महिलाएं हो या हाउसवाइफ हर किसी को एक हेल्दी लाइफ स्टाइल जीने का हक है लेकिन वे अपने काम में हम इतने व्यस्त रहते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ही ध्यान नहीं दे पाते इसीलिए आज चेंबर भवन में महिला चेम्बर द्वारा यह कार्यशाला आयोजित की गई है ताकि महिलाओं को हम जागरुक कर सकें कि आज के इस व्यस्ततम जीवन शैली में अपने खान-पान और अपनी आदतों में थोड़ा सा बदलाव करके एक सेहतमंद जिंदगी कैसे पा सकते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुणा पलटा जी ने बॉडी मास चेकअप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ इंसान का वजन उसकी लंबाई के हिसाब से होना चाहिए, जिसके लिए मानक निर्धारित है। किसी व्यक्ति की ऊंचाई और वजन का अनुपात बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स है। बीएमआई एक ऐसा कैलकुलेशन है, जिसके आधार पर आप यह जान पाते हैं कि आप लंबाई और वजन के हिसाब से संतुलित और स्वस्थ हैं या नहीं। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित महिला सदस्यों का बॉडी मास चेकअप किया गया।

न्यूट्रीशिप की फाउंडर श्रीमती शिल्पी गोयल ने हेल्दी सलाद को आधार बनाकर एक हेल्दी लाइफ स्टाइल कैसे पाएं उसे लेकर जानकारी दी तथा विभिन्न प्रकार के सलाद जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं तथा जिन्हें आसानी से घर में बनाया जा सके इस प्रकार के सलाद बनाने के डेमो कार्यक्रम में दिए गए।

जैसे-लौकी का बना हुआ पिज्जा, कद्दू का बना हुआ सलाद, जिन्हें वहां उपस्थित महिला सदस्यों ने गंभीरतापूर्वक समझा और सीखा। कार्यक्रम के अंतर्गत विभा अग्रवाल, गायत्री जोशी, मोनिका जोशी, ऋचा अग्रवाल, वर्षा चैबे, सुधा अग्रवाल, मनीषा रामानी, विनीता शुक्ला, रेखा जीतवानी, वैदेही धवेरी ने स्टाल लगाये। सलाद प्रतियोगिता में प्रियंका वर्मा प्रथम,बीना अरोड़ा द्वितीय के साथ ही सभी को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महिला चेम्बर संरक्षक आभा मिश्रा, मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, प्रेरणा भट्ट, उपाध्यक्ष-ईला गुप्ता, मंत्री-श्रीमती सोमा घोष, मीडिया प्रभारी इंदिरा जैन एवं प्रीति उपाध्याय, ऐश्वर्या तिवारी, प्रीति मिश्रा, शालू चैरे, प्रियंका वर्मा, सरगम अरोड़ा, बीना अरोड़ा, तमन्ना जोशी, प्रिया जोशी, शिखा धुप्पड़, श्वेता व्यास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### कलेक्टर पहुंचे देर रात को पहुंचे एसएसटी प्वाइंट

**रायपुर (ए.)।** रात करीब 12:30 को तेलीबांधा एवम करीब 1.30 बजे रायपुर ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एसएसटी पाइंट खम्हारडीह का किया निरीक्षण किया। साथ में निगम आयुक्त एवं ज़िला पंचायत सी ई ओ भी उपस्थित थे।उन्होने पॉइंट से गुजरने वाले सभी वाहनों की गंभीरता के साथ चेकिंग पर ज़ोर दिया। साथ ही उन्होंने भी खुद रात को आने जाने वाले वाहनों से पूछताछ की। इस बार रायपुर ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एसएसटी पॉइंट पर गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर एवं फ्रिज की व्यवस्था की गई है।

### आईटी से की जाएगी निगरानी, लापरवाही पर गिर सकती है गाज

**रायपुर (ए.)।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों से फील्ड में अधिक रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही करने पर सीआर में लिख देने की चेतावनी भी दी है। फील्ड में काम होने की निगरानी के लिए निगम द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। कौन अधिकारी कहाँ पर है और क्या काम करा रहा है उसकी तस्वीर खींचकर अपलोड करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे करने से कार्य में तेजी आएगी और कार्य समय पर पूर्ण भी सकेंगे। आईटी के माध्यम से 18 से 24 अप्रैल तक फील्ड में रहने की समीक्षा की गई कि किस अधिकारी कितने प्रतिशत समय फील्ड में दिया। इसमें कुछ अधिकारियों के कमजोर रिपोर्ट को देखकर कमिश्नर मिश्रा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि फील्ड रिपोर्टिंग की सासाहिक समीक्षा की जाएगी। इसके लिए निगम की आईटी की एक टीम भी बनाई गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिनका रिपोर्ट कमजोर रहेगा उनके सीआर में इस बारे में लिख दिया जाएगा।

### रायपुर रेल मंडल के मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

**रायपुर (ए.)।** राकेश सिंह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाए दे चुके है । पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके है।

**प्रदेश के 15 सौ से ज्यादा पंजीकृत अस्पतालों में मिल रहा आम जनता को मुफ्त इलाज का लाभ**

# अस्पतालों को अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान

**रायपुर (ए.)।** गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में इलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना में सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना अंतर्गत् चिन्हांकित श्रेणी के परिवार, अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा, आयुष्मान कार्ड के जरिए हर वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपए तक नि:शुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य के बाकी राशन कार्डधारी परिवारों को राज्य सरकार शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 50 हजार रुपए तक इलाज मुफ्त ईलाज की सुविधा दे रही है।




आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। आज दिनांक तक राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। जिसमें कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल (शासकीय एक हजार 26 एवं निजी 5 सौ 53) पंजीकृत हैं। वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है।

योजना की प्रकिया सभी के लिए आसान हो सके इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। योजना में भुगतान सम्बन्धी प्रक्रिया सुलभ और झंझट मुक्त हो इसके लिए पंजीकृत निजी अस्पतालों के संचालक/ प्रतिनिधियों के द्वारा योजना के अंतर्गत प्रकरणों के भुगतान के संबंध में संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य नोडल एजेंसी, छग से 26 अप्रैल 2024 सौजन्य भेंट किया गया। इस दौरान अस्पतालों के द्वारा मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग, रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषय पर भी चर्चा की गई है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य नोडल एजेंसी, छ.ग. द्वारा जिला स्तर पर जिला शिकायत निवारण समिति (DGRC) तथा राज्य स्तर पर राज्य शिकायत निवारण समिति (SGRC) में निराकरण करने के लिए निर्देश दिए गए। उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा योजना के अंतर्गत हेल्थ बेनिफिट पैकेज के संबंध में भी तकनिकी सुझाव दिए गए, जिस पर विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल को अवगत कराया गया कि लंबित प्रकरणों के शीघ्र भुगतान के लिए प्रतिदिन फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के माध्यम से भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रतिनिधि मंडल में रामकृष्ण हॉस्पिटल, रायपुर डॉ. अखिल जैन,आशा एम.टी., अभिलाष जो, आशादीप हॉस्पिटल, रायपुर डॉ. अनिल कुमार वर्मा, मेडिसाईन हॉस्पिटल, रायपुर डॉ. राजेन्द्र देवांगन, डॉ. आलोक अग्रवाल, आरोग्य हॉस्पिटल, रायपुर डॉ. दीपक अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की अनुकरणीय पहल

**स्याही लगी उंगली दिखाने पर इलाज में 30 प्रतिशत की होगी बचत**

**रायपुर (ए.)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करते हुए जिले के प्रतिष्ठित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने सराहनीय पहल की है। 7 मई को मतदान करने वाले नागरिकों को उंगली पर स्याही का निशान दिखाने पर स्पेशल डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है।



रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ अखिल ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात कर उन्हें अपने इस ऑफर से अवगत कराया। हॉस्पिटल द्वारा मतदान तिथि 7 मई को वोट देने वाले मतदाताओं और उनके परिवारजनों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच में 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही ओपीडी फिजिशियन कंसल्टेशन में भी 30 प्रतिशत की छूट हॉस्पिटल द्वारा दी जाएगी। जिससे लोग अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रेरित होंगे। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए और नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु यह पहल की गई है। हॉस्पिटल द्वारा मतदान के दिन से 12 मई तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मतदाताओं के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस पिकअप की सुविधा भी रहेगी। इसके साथ ही उन्हें ओपीडी बिलिंग में भी प्राथमिकता मिलेगी जिससे मतदान करने वाले नागरिकों को प्रतीक्षा नही करना पड़ेगा। मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह स्कीम लागू की जा रही है जो 7 मई से 12 मई 2024 तक उपलब्ध रहेगी। प्रबंधन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को इस आशय का पत्र भी सौंपा गया है। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

### निर्वाचन ड्यूटी में अनुपस्थित कर्मियों को कलेक्टर ने किया निलंबित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने निर्वाचन ड्यूटी में अनुपस्थित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला सोनेसिल्ली में पदस्थ सहायक शिक्षक जानू ध्रुव, कार्यालय उपसंचालक उद्यान में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 नितेश तुरकने व कार्यालय आदिम जाति रायपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 राकेश सिंह ध्रुर्वे को लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने के चलते निलंबित कर दिया गया है।

# राज्य कर जीएसटी विभाग ने व्यापारियों की सुनी समस्याएं



**रायपुर (ए.)।** राज्य कर जीएसटी विभाग रायपुर सिविल लाइंस कार्यालय ने डूमरतराई व्यवसायियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल कारखाना, शदाणी दरबार परिसर डूमरतराई में किया। कार्यक्रम में डूमरतराई, गणेश राम नगर व पगारिया कांप्लेक्स के व्यापारियों की भी समस्याएं सुनी गई एवं मदद का आश्वासन दिया गया।

कार्यशाला में उपायुक्त अंजू कुमार, राज्य कर अधिकारी रवि कुमार, एलपी जोशी, विकास चौबे, राज्य कर निरीक्षक निशांत तिवारी एवं रजनीकांत यदु ने व्यापारियों को जीएसटी रिटर्न फाइल करने संबंधी समस्या, पंजीयन, अतिरिक्त व्यवसाय स्थान को जीएसटी में जोड़ना, गोडाउन संबंधी बात एवं जीएसटी से संबंधित विभिन्न नोटिस का समय पूर्वक जवाब देना इत्यादि के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में इस ऑफ डुइंग बिजनेस के तहत व्यापारियों को व्यापार करने में पूरा सहयोग देने एवं उनके व्यापार को करने में सरल सुगम माध्यम देने की बात कही गई। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने मोबाइल नंबर साझा किए, ताकि कोई भी समस्या होने पर जानकारी ली जा सके एवं अधिकारियों द्वारा इस तरह की मीटिंग माह में एक शुक्रवार को लिया जाएगा, जिससे कि जीएसटी कार्य सुचारू रूप से क्रियान्वित की जा सके। कार्यक्रम में तनेश आहूजा अध्यक्ष फूट वेयर एसोसिएशन डूमरतराई का विशेष योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 72.13 प्रतिशत मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को प्रदेश के तीन लोकसभा सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और लोकसभा सीट में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के मुताबिक, शाम 5:30 बजे तक तीनों लोकसभा सीटों में कुल 72.13 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां अभी मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। तीनों लोकसभा सीटों में कुल 24 विधानसभा क्षेत्र शामिल है।



प्रत्याशियों की बात करें तो राजनांदगांव लोकसभा से 15, महासमुंद लोकसभा से 17 और कांकेर लोकसभा से नौ प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद हो गया है। मतदान केंद्रों में सुबह से ही लोग बड़े ही उत्साह के साथ कतार लगाकर दिखे। शुरुआती करीब डेढ़ घंटे तक कुछ बूथों में ईवीएम की खराबी की शिकायतें मिली। हालांकि उसे शीघ्र ही ठीक करवा लिया गया। बता दें कि दो चरणों के मतदान के बाद अब तीसरे चरण के अंतर्गत सात मई को रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और कोरबा में मतदान होगा।

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के दल्लीराजहरा के बूथ क्रमांक 201 से कथित फर्जी मतदान का मामला सामने आया। गुरुनानक स्कूल में मतदान करने पहुंची गाडरपुल की रहने वाली मधु लालवानी पति गोवर्धनदास तो उनको पता चला कि उनका वोट किसी ने दे दिया। हंगामे के बाद महिला को पीठासीन अधिकारी ने निविदक मत पत्र से मतदान कराया तब जाकर मामला शांत हुआ

**पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं,अब और नया प्रयोग किसलिए - मालू**

# चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किये जाने के प्रस्ताव का विरोध

**रायपुर (ए.)।** सदर बाजार एवं मालवीय रोड को चार पहिया वाहन हेतु प्रतिबंधित किये जाने के रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के प्रस्ताव का विरोध शुरु हो गया है। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है,पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाये थे लेकिन अपनी ही बनायी व्यवस्था को बनाये रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है,किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सामाजिक,धार्मिक,राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था,यह भी नहीं हो पाया। वास्तविकता ये हैं कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा है कि मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी,ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है जहां वाहन पार्क किये जाते हैं। यह भी बता दें कि पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो की व्यावसायिक क्षेत्र है इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी की जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

राजधानी रायपुर जैसे बड़े शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को अपने निजी वाहनों में मुख्य बाजार आना ही पड़ता है अत: हमारा आपसे विनम्र अनुरोध है कि शहर के हृदय स्थल की व्यावसायिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के निर्णय को लागू किया जाना पूर्णत: अनुचित है, हम इस प्रकार के विचार का पुरजोर विरोध करते हैं। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के अलावा रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उक्त प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।

### गीला और सूखा कचरा अलग - अलग करवाने दो जेडएचओ की नियुक्ति

**रायपुर (ए.)।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने आज सुबह डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में नागरिकों के घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नागरिकों से फीडबैक भी लिया। नागरिकों से मतदाता पर्ची प्राप्त हुई कि नहीं इसकी भी जानकारी ली। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि कमिश्नर श्री मिश्रा ने डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में घर-घर जाकर सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया। इस बारे में उन्होंने नागरिकों से चर्चा भी की। साथ ही मतदाता पर्ची मिलने या नहीं मिलने की भी जानकारी ली।

इसके बाद उन्होंने बूढ़ापारा स्तिथ सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों से कचरा कलेक्शन के बाद सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट से सूखा और गीला कचरा संकरी कलेक्शन पॉइंट में अलग-अलग पहुंचाने हेतु दो जेडएचओ नियुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में तैनात जेडएचओ बरोन बंजारे और भूषण ठाकुर को इसकी जिम्मेदारी दी गई। दोनों को 5 जोनों का काम हर दिन देखने तथा एक दिन संकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड का काम भी देखने के निर्देश दिए गए हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अचानक बंद होने जा रहा टीवी सीरियल, काम को लेकर परेशान हुईं अनुपमा



सोनी टीवी पर आने वाला शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' जल्द ही दर्शकों को अलविदा कहने जा रहा है। इस शो के बंद होने की खबरें थीं और इस शो में काम कर रहीं एक एक्ट्रेस ने खबर को कंफर्म किया है। सीरियल का आखिरी एपिसोड मई के दूसरे हफ्ते में एयर होगा। शो के बंद होने की खबर से टीवी एक्ट्रेस अनुपमा सोलंकी को तगड़ा झटका लगा है। उन्हें काम का डर सता रहा है, वो परेशान हैं। इस टीवी सीरियल में एक्ट्रेस मीरा देओस्थले और एक्टर जान खान लीड रोल में नजर आए हैं।

### सपोर्टिंग किरदार में नजर आईं थीं अनुपमा

अनुपमा सोलंकी को 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में सपोर्टिंग किरदार के रूप में देखा गया था। शो में उनका किरदार 26 मार्च को ही पहली बार दर्शकों के सामने आया था। अनुपमा सोलंकी ने ही शो के बंद होने की बात को कंफर्म किया है। अनुपमा सोलंकी ने कहा कि टीवी में अक्सर हमें इस चीज को लेकर शिकायत रहती है कि एक्टर्स को नॉन स्टॉप शूट करना पड़ता है क्योंकि शो के एपिसोड रिजर्व में नहीं होते। यह हैरानी की बात है कि इस सीरियल के पास एपिसोड का एक अच्छा बैंक था, उसके बावजूद भी इसे बंद किया जा रहा है।

अनुपमा ने बताया कि उनके प्रोड्यूसर जेडी मजीठिया चार दिन पहले सेट पर आए थे और शो के बंद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि ये खबर हम सबके लिए हैरान कर देने वाली थी क्योंकि दिलचस्प एपिसोड तो अब टीवी पर जाना शुरू हुए थे। उन्होंने बताया कि दहेज को लेकर कहानी तो अब शुरू होनी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि शो खत्म होने से पहले हम वो दर्शकों को दिखा पाएंगे।

### एक्ट्रेस ने ठुकाराया काम का ऑफर

अनुपमा ने बताया कि मेरे पिछले शो, नाथ: कृष्णा और गौरी के निर्माता मुझे शो में वापस लाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मुझे मार्च में ऑफर भी भेजा गया था, लेकिन 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में बिजी होने की वजह से मैंने इसे मना कर दिया। अब शो अचानक ऑफ एयर हो रहा है, जो कि चौंकाने वाली बात है। उन्होंने कहा मैनें उस ऑफर के इसलिए मना किया था क्योंकि मैं एक साथ दो शो नहीं करना चाहती थी। उन्होंने कहा कि वो शो के बंद होने से काफी निराश हैं।

### 3 महीने पहले ही शुरू हुआ था शो

बता दें, यह शो 3 महीने पहले ही एयर हुआ था। इस शो का पहला एपिसोड फरवरी में आया था और मई के दूसरे हफ्ते तक यह शो ऑफएयर हो जाएगा।

# हीरामंडी में अपने रोल को लेकर डरी ऋचा चड्डा

## कहा - 'लेडी देवदास बनी हूं आगे ऐसे ही रोल न मिलने लगे'



**ऋचा चड्डा फिल्म इंडस्ट्री में 10 सालों से भी ज्यादा बिताने के बाद अपने करियर के सबसे अच्छे दौर को जी रही हैं। जल्द एक्ट्रेस को संजय लीला भंसाली के ड्रीम प्रोजेक्ट हीरामंडी: द डायमंड बाजार में तवायफके किरदार में देखा जाएगा। एक्ट्रेस ने लज्जो का किरदार निभाया है जिसे स्क्रीन पर देखने के बाद एक्ट्रेस रेखा अपने आंसू नहीं रोक पाई थीं। लेकिन एक्ट्रेस को अपने इस किरदार की वजह से आगे टाइपकास्ट हो जाने का डर सता रहा है। हाल में अपने एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने किरदार और निजी जिंदगी के बारे में खुल कर बात की।**

### टाइप कास्ट हो जाने का डर

हाल में एक्ट्रेस ने अपनी वेबसीरीज हीरामंडी में किरदार लज्जो के बारे में बात की थी। इस किरदार को सीरीज में कितना बेइज्जत किया और उसके बाद भी लज्जो को महफ़िल की शान बढ़ानी पड़ी। किरदार दमदार है लेकिन ऋचा को डर सताने लगा है कि इस सीरीज के बाद कहीं उन्हें इसी तरह के रोल ऑफर न होने लगे। एक्ट्रेस ने ज़ूम के साथ बातचीत में कहा 'हीरामंडी में लेडी देवदास बनी हूं डर है कि इसके बाद ऐसे ही रोल न मिलने लगें।'

### रिश्तेदारों ने भड़काया

इसके अलावा ऋचा ने हाल में दिए अपने एक दूसरे इंटरव्यू में निजी जिंदगी से जुड़े खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कैसे उनके रिश्तेदारों ने पेरेंट्स को भड़काया था और अब वही रिश्तेदार अपने बच्चों की शादी में शामिल होने को कहते हैं। ऋचा ने कहा 'मुझे मेरे एक्सटेंडेड फैमिली से कितने शुभचिंतक मेरे मम्मी-डैडी के पास आए थे। जब मैंने उनको बोला था कि मैं बॉम्बे से ही मेरी पूरी पढ़ाई कर लूंगी और उसके बाद वहीं रह लूंगी। तो बहुत शुभचिंतक अपने घर काम छोड़ के मेरे डैडी-मम्मी के पास आए थे कि 'यह तो मिस इंडिया के तरह तैयार भी नहीं है। कैसे आप भेज रहे हो? स्टिंग ऑपरेशन में देखा, कितनी गंदगी होती है।' तो ऐसे बहुत लोग होते हैं आपके लाइफमें। यहां आने के बाद भी कितने लोगों ने बोला था कि आप एक्टिंग कर सकते हो लेकिन नाच गाना नहीं कर पाओगे। देख लिजिए 10 साल निकालने के बाद ये मौका भी मिल जाता है लोगों को। फिर वही रिलेटिव्स आ जाते हैं बोल ने 'मेरे मुन्ने की शादी में आ जाना।'

### माँ बनने की ख़ुशी

ऋचा को हीरामंडी में देखने का इंतजार हो रहा है। इसके अलावा एक्ट्रेस इस साल माँ बनने वाली हैं। प्रेग्नेंसी में वो लगातार अपनी इस सीरीज को प्रोमोट करते देखी गईं हैं।

# सौंदर्य स्पर्धा जीतना फिल्म की गारंटी नहीं है

## कुछ निश्चित कौशल होना चाहिएः सुश्री मिश्रा



सुश्री श्रेया मिश्रा, जिन्होंने एशियन सुपरमॉडल इंडिया और मिस यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2015 जैसी सौंदर्य प्रतियोगिताएं जीती हैं, ने साझा किया कि वे दिन गए जब मिस इंडिया को फिल्मों में जगह मिलती थी। उन्होंने कहा कि आज के दिन और युग में, किसी के पास कुछ कौशल होना जरूरी है।

दिवा आयुष शर्मा अभिनीत आगामी एक्शन फिल्म रुसलान के साथ प्रमुख महिला के रूप में शुरुआत करने के लिए तैयार है।

अगर उन्हें लगता है कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं से अभिनय परियोजनाएं हासिल करना आसान हो जाता है, तो आई एएम पॉपुलर, मिस विवियस, मिस रैंपवॉक जैसे कई पुरस्कार जीत चुकीं सुश्री ने कहा, मुझे लगता है कि मिस इंडिया जैसी प्रतियोगिताएं आपके क्षितिज को व्यापक बनाती हैं। एक अद्भुत तरीके से जहां आप उद्योग के चरमोत्कर्ष से मिलते हैं, लेकिन अगर आप प्रतियोगिता जीत जाते हैं तो यह आपको फिल्म की गारंटी नहीं देता है, मुझे लगता है कि वे दिन गए जब मिस इंडिया को फिल्मों में मौका मिलता था मुझे लगता है कि आज के युग में आपके पास एक निश्चित कौशल होना चाहिए।

अपनी पूरी यात्रा के लिए आभारी महसूस करते हुए, सुश्री ने कहा- जिस क्षण मैंने फैसला किया कि मुझे अभिनय करना है, मैंने थिएटर किया, मैंने खुद को एक्शन में प्रशिक्षित किया और यही कारण है कि मुझे लगता है कि मुझे इस फिल्म के लिए चुना गया है। इसलिए, मैं ऐसा नहीं सोचती कोई भी देरी हो सकती है, लेकिन फिर हर चीज के लिए उपयुक्त समय होता है, और फिर नियति नाम की कोई चीज होती है जिस पर मैंने फिलहाल विश्वास करना शुरू कर दिया है क्योंकि मुझे एक ऐसी शानदार फिल्म के लिए चुना गया है जहां मैं अपने सभी कौशल और प्रतिभा दिखा सकता हूं। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो, मुझे ऐसा लगता है कि ऐसा ही होना था, यही नियति थी।


# रोमांटिक लव स्टोरी प्यार के दो नाम का टीजर हुआ रिलीज

## 3 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

बॉलीवुड फिल्म प्यार के दो नाम का टीजर रिलीज हो गया है, यह एक लव स्टोरी होगी जिसे रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में स्थापित एक प्रेम कहानी है। फिल्म का निर्माण विजय गोयल और डेनिस जावेद द्वारा किया गया है। फिल्म का निर्देशन डेनिस जावेद ने किया है। फिल्म में नए कलाकार भाव्या सचदेवा और अंकिता साहू मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर में खूबसूरत परिसर और युवाओं की मासूमियत की झलक दिखाई गई है। टीजर दर्शकों को यह अंदाजा लगाने के लिए काफी है कि फिल्म एक भावुक प्रेम कहानी है।

फिल्म एक दूजे के लिए या एक दूसरे के साथ टैग लाइन पर आधारित हैं । इश्क सुभानअल्लाह सूफियाना, प्यार मेरा एवं सन्यासी मेरा नाम जैसे रोमांटिक धारावाहिक एवं फिल्मों के लेखक दानिश जावेद द्वारा निर्देशित फ़िल्म प्यार के दो नाम एक आधुनिक प्रेम कहानी हैं जो युवाओं के बीच में प्यार को लेकर आधुनिक सोच को बहुत ही इमोशनल तरीके से प्रस्तुत करती हैं । फिल्म के टीजर की शुरुआत अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आयोजित एक पीस सेमिनार से होती हैं इसमें आर्यन खन्ना (भव्या सचदेवा) नेल्सन मंडेला और कायरा सिंह (अंकिता साहू) महात्मा गाँधी पर अपनी अपनी रिसर्च प्रस्तुत करते हैं । आर्यन खन्ना कहते हैं मैं उस ब्यूटी को ब्यूटी ही नहीं मानता जो आँखों को अट्रैक्ट ना करे। टीज़र के दूसरे संवाद में आर्यन खन्ना रोमांटिक संवाद में कहते हैं मडेला जी यह ट्रॉफी जीतेंगे, और मैं इस लड़की का दिल। इस पर कायरा सिंह बेहद ही सख़्त लहजे में कहती हैं कि मैं अजनबियों से बात नहीं करती। दोनों मुख्य कलाकारों की नोक झोंक के बीच में बैकग्राउंड में फ़िल्म का शीर्षक गीत सुनाई देता हैं । टायटल सांग के साथ 1 मिनट 10 सेकंड का यह टीज़र एक फ्रेश लव स्टोरी का एहसास कराता हैं ।

रिलायंस एंटरटेनमेंट और जोकुलर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की फिल्म प्यार के दो नाम में मुख्य भूमिका में भव्या सचदेवा , अंकिता साहू के साथ कनिका गौतम, अचल टंकवाल , दीप्ति मिश्रा , नमिता लाल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएँगे । फिल्म के निर्माता विजय गोयल और दानिश जावेद है, और सह निर्माता शहाब इलाहाबादी है। फ़िल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद हैं। इस अनोखी लव स्टोरी का संगीत अंजन भट्टाचार्य और शब्बीर अहमद ने तैयार किया है और गीतों को दानिश जावेद और वसीम बरेलवी ने लिखा हैं । गीतों को जावेद अली, ऋतु पाठक, राजा हसन और स्वाति शर्मा ने गाया हैं।




फिल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद ने कहा कि यह फिल्म विश्व के दो महान नेताओ के सिद्धांतों पर आधारित आज की प्रेम कहानी हैं। आर्यन खन्ना और कायरा सिंह की इस प्रेम कहानी के जरिए एक दूजे के लिए या एक दूसरे के साथ इस सवाल का जवाब दर्शकों को मिलेगा ।

फिल्म के निर्माता विजय गोयल ने कहा कि इस फिल्म, प्यार के दो नाम महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के प्रेम दर्शन के बीच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कैंपस में एक अनोखी लव स्टोरी हैं।

फिल्म की शुरुआत अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खान के सम्मान में विश्व शांति नेता को चुनने के लिए एक सेमिनार की घोषणा के साथ होती हैं। कायरा सिंह और आर्यन खन्ना भी सेमिनार में भाग लेने आए हैं। पहली मुलाकात में दोनों के बीच खट्टी-मीठी लड़ाई शुरू हो जाती है, यहीं से दो विचारधाराओं का टकराव शुरू होता है। जहां कायरा इस बात पर अड़ी है कि अगर प्यार है तो हमें जिंदगी भर साथ रहना होगा, वहीं आर्यन का मानना है कि जब तक प्यार है, हम साथ रहेंगे, प्यार खत्म, साथ खत्म। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्यार के दो नामो में से किस नाम की जीत होती हैं।

# विश्वक सेन ने गैंग्स ऑफ गोदावरी की डबिंग की पूरी, आज जारी होगा टीजर



विश्वक सेन ने गैंग्स ऑफ गोदावरी के टीजर की डबिंग पूरी की। सिनेमाघरों और ओटीटी प्लेटफार्मों पर गामी की शानदार सफलता के बाद, गतिशील विश्व सेन गैंग्स ऑफ गोदावरी में धमाकेदार वापसी कर रहे हैं! प्रतिभाशाली कृष्णा चैतन्य द्वारा निर्देशित यह एक्शन से भरपूर विलेज ड्रामा 17 मई, 2024 को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है।

अपने कैलेंडर चिह्नित करें! निर्माताओं ने 27 अप्रैल को शाम 4.10 बजे गैंग्स ऑफ गोदावरी का टीजर लॉन्च करने की घोषणा की है। विश्वक सेन ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए उत्साह बढ़ाया कि उन्होंने टीजर की डबिंग पूरी कर ली है।

गैंग्स ऑफ गोदावरी में कई शानदार कलाकार हैं, जिनमें आकर्षक नेहा शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही साई कुमार, आयशा खान और गोपाराजू रमना जैसे प्रसिद्ध कलाकार भी हैं। प्रसिद्ध युवान शंकर राजा द्वारा संगीत तैयार करने से, एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव की उम्मीद है।

प्रतिष्ठित सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज द्वारा निर्मित, गैंग्स ऑफ गोदावरी एक रोमांचक यात्रा होने का वादा करती है जिसे आप मिस नहीं करना चाहेंगे!

# कटरीना कैफ ने हॉलीवुड डेब्यू पर तोड़ी चुप्पी

## कैटरीना ने कहा- एक खास वजह के चलते छोड़ दी वो फिल्म



कटरीना कैफ की अगली फिल्म को लेकर फैंस सुपर एक्साइटेड थे क्योंकि यह खबर पहले ही बाहर आ गई थी कि वह हॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। लेकिन इसी बीच फैंस को निराश करने वाली एक जानकारी खुद एक्ट्रेस ने दी है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफअपने करियर में अभी तक ना जाने कितनी ही ब्लॉकबस्टर हिट दे चुकी हैं। हिंदी सिनेमा में एक्ट्रेस ने अपनी शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म 'बूम' के जरिए की थी। कटरीना ने काम हिंदी सिनेमा में किया लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग पूरी दुनिया में हैं। बॉलीवुड में कमाल करने के बाद अब उनके फैंस पिछले कुछ वक्त से चाहते हैं कि कटरीना हॉलीवुड में भी जलवा दिखाएं। उनका अगला प्रोजेक्ट क्या होगा इस बारे में लंबे वक्त तक कयासों का दौर चला है और अब फाइनली कटरीना ने इस बारे में खुलकर बोला है।

### हॉलीवुड प्रोजेक्ट के बारे में क्या बोलीं?

कटरीना कैफने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने कुछ कारणों के चलते हॉलीवुड प्रोजेक्ट छोड़ दिया है। कटरीना कैफ ने कहा, मुझे यकीन है कि एक दिन यह होगा। मुझे यकीन है कि यह मेरी जिंदगी की किताब का एक नया पन्ना होगा। तो तभी इस बारे में कुछ कहूंगी और मैं इसे लेकर बहुत एक्साइटेड हूं। बाकी स्टार्स की तरह कटरीना कैफ को भी फेम रातोरात नहीं मिला, बल्कि इसके पीछे उनका लंबा स्ट्रगल रहा है।

### सलमान खान की फिल्म से चली गाड़ी

एक्ट्रेस को पहला बड़ा चांस मिला जब सलमान खान और डेविड धवन की फिल्म मैंने प्यार क्यूं किया में उन्हें रोल मिला। इसके बाद कटरीना कैफ लगी रहीं और हर मौके को भुनाती गईं। उन्होंने अपनी हिंदी, अपनी एक्टिंग और डांस स्किल्स पर काम किया। वक्त के साथ उन्होंने 'सिंह इज किंग', 'अजब प्रेम की गजब कहानी', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'एक था टाइगर', 'फितूर' और 'टाइगर-3' जैसी फिल्में कीं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पूनम को राजनीति विज्ञान में पीएचडी, डॉ. महंत ने दी बधाई



**कोरबा ।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा पूनम ज्ञानचंदानी को राजनीति विज्ञान विषय में (प्रथम पीएचडी अवार्ड) डाक्टर ऑफफिलासफी 22 अप्रैल 2024 को अवार्ड दिया गया। पूनम की उपलब्धि से कोरबा जिला व शहर गौरवान्वित हुआ है। सिंधी समाज भी इस उपलब्धि से गौरवान्वित है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूनम को उनके घर जाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी और मुंह मीठा कराया। इस दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद व पार्षद संतोष राठौर ने भी बधाई दी । कोरबा शहर के रामसागरपारा दर्री रोड निवासी पूनम ज्ञानचंदानी ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से शोध निर्देशक डॉ. एसएल निराला के निर्देशन में (राजनीतिक जागरूकता में प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका : एक अध्ययन (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इस शोध कार्य को पूर्ण करने में उनकी माता ज्योति ज्ञान चंदानी प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहीं। चार बहनों में सबसे छोटी पूनम मेहंदी आर्टिस्ट है और 15 साल से इस कला को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपना अध्ययन व शोध कार्य भी जारी रखा। गृहणी होने के बावजूद मां ज्योति ज्ञानचंदानी ने बेटी का हमेशा हौसला बढ़ाया। पूनम का कहना है कि लोग राजनीति और खासकर मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं रहते, उनका प्रयास रहेगा कि अपने शोध के दौरान प्राप्त अनुभवों और इस विषय को लेकर जनता में जागरूकता लाने का काम करेंगी।

### उमंग और हर्षोल्लास से छिंद में किया गया विविध मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंद में गुरुवार की शाम को विधानसभा स्तरीय वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दिव्यांग और सियान मतदाताओं को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा छत्तीसगढ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में ग्रीन बुके भेट कर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों की आगवानी एनआरएलएम समूह की दीदियों और स्काउट गाइड द्वारा स्वीप तिरंगा यात्रा के जोश, उमंग और हर्षोल्लास साथ की गई और सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कलेक्टर साहू ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। यहां ग्राम छिंद एवं आसपास गांव के दाई, दीदी, भैया मन ल जय जोहार। एक भी मतदाता लोकसभा चुनाव में नहीं छूटना चाहिए। सभी उत्साह पूर्वक अपने पसंद के उम्मीदवार को बिना कोई लालच, भय, दबाव के वोट देवे। आप सभी की कोशिश होनी चाहिए कि हर हालत में अपने परिवार, आस पड़ोस सहित सभी मतदाता मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू ने कहा कि बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। फोन नंबर 1950 में फोन करके भी मतदाता की जानकारी ले सकते हैं। आगामी 7 मई को सभी लोग जरूर मतदान करें। मतदान केंद्र में सभी सरकारी सुविधा आयोग द्वारा की गई है।

# राज्य की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है : भाजपा

## सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना दिया, कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा : अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना दिया है। अब कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि आज तक एंटी इंकमबेंसी जनता ने सुनी थी, प्रो. इंकमबेंसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धि है। आज के मतदान से स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में शून्य पर आऊट होने वाली है और देश में कांग्रेस पार्टी विपक्ष बनने लायक भी नहीं बची है।**



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर के बाद अब काँकेर, राजनांदगाँव और महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। साव ने कहा कि शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफहो रहा है।

साव ने छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में शुक्रवार को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दल, सुरक्षा बलों के जवान, राजनैतिक कार्यकर्ताओं को साधुवाद देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में मतदान के तीसरे और अंतिम चरण में कार्यकर्ता और अधिक उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाएंगे और दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चाँपा और कोरबा में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी।

उप मुख्यमंत्री साव ने मतदान के दूसरे चरण के बाद शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि काँकेर, राजनांदगाँव और महासमुंद लोकसभा सीटों में भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि पूरा छत्तीसगढ़ अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। छत्तीसगढ़ की जनता एक ओर नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्ति चाहती है, वहीं दूसरी तरफ वह सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा की सरकार चाहती है। साव ने कहा कि कांग्रेस के प्रति व्याप्त आक्रोश पहले व दूसरे चरण के मतदान में व्यक्त होकर कांग्रेस की चूलें हिलाने वाला साबित होगा। प्रदेश की पिछली कांग्रेस सरकार के नाकारापन से रुष्ट जनमानस का स्पष्ट रुझान भाजपा के पक्ष में नजर आ रहा है। शुक्रवार को तीनों लोकसभा सीटों की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के झूठ को बर्दाश्त नहीं करने वाली है और इसलिए बस्तर के रास्ते पूरे प्रदेश में कांग्रेसमुक्त अभियान शुरू हुआ है। भाजपा के प्रति यही विश्वास और उत्साह पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है और भाजपा का कमल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। भाजपा कार्यालय में पटाखे फोड़कर मनाया गया जश्न

दूसरे चरण के मतदान के बाद सामने आ रहे मतदान प्रतिशत के आधार पर भाजपा की शानदार व ऐतिहासिक विजय का दावा करते हुए उत्साहित भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की शाम एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में जमकर आतिशबाजी की और परस्पर बधाइयों का आदान-प्रदान किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प दुहराते हुए कहा कि इस बार भाजपा 400 पार का लक्ष्य अर्जित करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनना तय है।

इस दौरान प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, उमेश घोरमोड़े, जिला महामंत्री सत्यम दुवा मौजूद थे।

# सेल्फी जोन में युवा मतदाताओं ने ली तस्वीर, मतदान की खुशी जाहिर की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव । लोकसभा निर्वाचन 2024 में राजनांदगांव जिले के मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी बनने के लिए जिले में मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे। मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास देखने को मिला।**




मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा एवं पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया।

मतदान केन्द्रों में बनाए गए सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। स्कॉउट-गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग मतदाताओं को सेवा भावना के साथ व्हील चेयर से मतदान केन्द्रों तक लाया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रही। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान कार्य का निरीक्षण करते रहे और मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले में आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। संगवारी मतदान केन्द्रों में महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया।

इसी तरह दिव्यांग मतदान केन्द्रों में दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी द्वारा मतदान कराया गया। वहीं युवा मतदान केन्द्रों में मतदान दल में 35 वर्ष तक के अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों की निगरानी करने के लिए 430 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की गई। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सहायता के लिए सहायता केन्द्र बनाए गए थे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस को दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई थी। दिव्यांग रथ के माध्यम से चिन्हांकित दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई थी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 175-प्राथमिक शाला भवन ढारा के आदर्श मतदान केन्द्र को आकर्षक डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल थीम आधारित तैयार किया गया था।

यहां रोपवे सेल्फी जोन में मतदाताओं ने रूझान दिखाया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216-शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेड़ेसरा पश्चिम भाग की आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में हॉकी की नर्सरी की थीम पर आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। हॉकी की नर्सरी सेल्फी जोन खास रहा।

# डीएसपीएम में मनाया गया अग्निशमन सप्ताह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में अग्निशमन सप्ताह का समापन 22 अप्रैल 2024 को कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), डॉ. हेमंत सचदेव के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत के अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर तथा संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के गरिमामय आतिथ्य में सपंन्न हुआ।**

इस अवसर पर डॉ सचदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षित कार्य स्थल के साथ हम सभी अधिकारी कर्मचारी को एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना है। साथ ही असुरक्षित कार्यो के रोकथाम के लिए हमारे लिए जागरूकता बहुत ही महत्वपूर्ण है तब जाकर हम दुर्घटना के शुन्य लक्ष्य को प्राप्त करेंगें। उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभिय ंताओ एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ ने भी अग्नि सुरक्षा के प्रति अपने-अपने वक्तव्य रखे।

अग्निशमन संबधित प्रश्नोत्तरी संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी के द्वारा किया गया। संरक्षा नारा प्रतियोगिता विषय ''अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता'' मे अधिकारी मे प्रथम अमित फुटाने, द्वितीय स्मृति राठौर, तृतीय अयेन्द्र सिंह तोमर कर्मचारी वर्ग प्रथम चित्रेश हनोतिया द्वितीय घनश्याम साहू तृतीय प्रमोद कुमार राठौर प्रशिक्षु वर्ग प्रथम रंजिता बंजारे, द्वितीय पदमावती गेंदले, तृतीय सावित्री जटवार ठेका श्रमिक वर्ग में प्रथम राजेन्द्र साहू, द्वितीय विजय राठौर तृतीय महिपाल कैवर्त एवं कविता लेखन विषय ''अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता''अधिकारी मे प्रथम अयेन्द्र सिंह तोमर, द्वितीय कविता ठक्कर, तृतीय आलोक शर्मा कर्मचारी वर्ग प्रथम घनश्याम साहू द्वितीय घनश्याम सिंह क्षत्रिय तृतीय बबुली चैधरी प्रशिक्षु वर्ग प्रथम निकिता सोनवानी, द्वितीय पूजा साहू, तृतीय अनिशा पॉल ठेका श्रमिक वर्ग में प्रथम विजय राठौर, द्वितीय रवि कुमार साहू तृतीय विनय कुमार नेताम रहे कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता प्रकाश देवांगन एवं सुमन सोमानी के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता (अग्नि एवं सुरक्षा) जी.पी. भगत द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यपालन अभियंता अतुल गुप्ता, कविता ठक्कर, उपअग्निशमन अधिकारी आर. एस. परस्ते, विनय नेताम का सहयोग सराहनीय रहा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

# किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी बदलाव के पक्षधर - आशीष छाबड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव विजय जांगिड़ ने कहा कि कांग्रेस कमेटी अपने 5 न्याय 25 गारंटी को गांव शहर में अपार समर्थन मिल रहा है ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव विजय जांगिड़ गुरुवार को बेमेतरा जिले के दौरे में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक मे कार्यों की समीक्षा कर कहा कि आज पूरे देश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है जनता का भरोसा भाजपा की सरकार से टूट चुका है लोग आशा की नजरों से कांग्रेस की ओर देख रहे हैं लोगों को भरोसा है।



कांग्रेस की अपनी 5 न्याय और 25 गारंटीयों पर किसान न्याय, युवा न्याय ,श्रमिक न्याय ,भागीदारी न्याय से 10 साल से भारतीय जनता पार्टी के शासन में त्रस्त आम जनमानस को राहत देने वाली गारंटी के साथ कांग्रेस पार्टी मैदान में है किसानों के लिए किसान की उपज की पूरी कीमत देने के लिए हम प्रतिबद्ध है। इसलिए कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी गारंटी देगी इसके लिए संसद में कानून बनाया जाएगा साथ ही स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश के अनुसार समर्थन मूल्य निर्धारण करेगी इसके साथ ही कांग्रेस ने कृषि उत्पादों को कृषि उपकरणों को जीएसटी के दायरे से बाहर लाने का वादा किया वादा कर रही है । कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़कर 400 करने का वादा किया है इस देश के मजदूर के जीवन स्तर में बदलाव आएगा, माता बहनों को सशक्त बनाने के लिए हर साल एक लाख ,महीने में 8333 देने का वादा किया है। इसके साथ ही केंद्रीय भारतीयों में 50त्न महिलाओं को आरक्षण देंगे। देश में पहले चरण में कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है शेष चरणों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान का दृढ़ निश्चय किया है।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता का पार्टी के शासन में जनता त्रस्त है कांग्रेस की सरकार ने किसान किसानों के कर्ज माफकीया,राजीव किसान न्याय योजना के तहत लोगों को लाभ दिया , पूरे देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य में 2640 रुपए में धान खरीदी की ,स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ,क्षेत्र के विकास में कार्य किया डबल इंजन की सरकार में गरीबों के चावल में कटौती कर 5 किलो चावल कर दिया। जनहित कार्य योजनाओं को बंद करने का काम भाजपा की सरकार निरंतर कर रही है जिससे जनमानस में आक्रोश है। निष्क्रिय सांसद ने जन हित में आवाज़ नहीं उठायी,अब इनका सूपड़ा साफहै।.

नीता लोधी ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता से धोखा किया है अच्छे दिन लाने का वादा कर भूल गये 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा कर भूल गये, दो करोड़ रोजगार के वादे भूल गये, किसानों का समर्थन मूल्य देने और आय दुगुनी करने का वादा भूल गये। भाजपा नोटबंदी और जीएसटी के नाम पर वोट मांगने का साहस क्यो नही दिखाये? दो कार्यकाल पूरा कर वोट मांगने आये है वे अपना 10 साल का रिपोर्ट कार्ड जनता को बताये 10 साल में उनकी क्या उपलब्धि है? बैठक में बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी , सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमिटी, शुशील साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस नांदघाट, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, सुरेंद्र तिवारी ,गुरेन्द्र वर्मा,कैलास साहू,बाजारू यादव,मोहन साहू,देवचरण गोसाई,चमरू वर्मा,जनता साहू, महेंद्र निषाद,भोजेंद्र निर्मलकर,मोहन शर्मा,भगवतदास मार्कण्डेय, सैलू यादव, पुसाऊ साहू उपस्थित रहे।

### ग्रीष्म ऋतु से तैयारी एवं बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी

**रायगढ़।** ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव हेतु निर्देश जारी किए गए है। लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी के लिए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी अधिकारी राहत एवं आपदा शाखा रेखा चन्द्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इनका मोबाइल नम्बर 97528-06153 है। तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होना।



















## खास खबर

### मतदान सामग्री जमा कर घर लौट रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**बालोद।** लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के बाद मतदान दलों ने देर रात तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम में जमा किया। वहीं मतदान सामग्री जमा कर तड़के सुबह 4 बजे के करीब अपने घर के लिए निकले शिक्षक की स्कूटी को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी, जिससे मौके पर उन्होंने दम तोड़ दिया। यह घटना बालोद थाना क्षेत्र के दल्लीराजहरा चौक की है। मृतक शिक्षक खेलन सिंह पटेल माध्यमिक शाला तरौद में पदस्थ थे। मृतक टीचर की मतदान केंद्र क्रमांक 38 दिव्यांग मतदान केंद्र में ड्यूटी लगी थी। बालोद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी है।

### बारातियों से भरी बस पलटी, 13 लोग हुए घायल

तखतपुर। बारातियों को ले जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटने से अफरी-तफरी मच गई। इस हादसे में 13 बारातियों को चोट आई है, जिसमें तीन की हालत गंभीर है। यह घटना बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग के जोरापारा की है। मिली जानकारी के मुताबिक, बस में लगभग 40 लोग सवार थे। बिलासपुर से बाराती नवागढ़ जा रहे थे, तभी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह घटना बीती रात 2 बजे की है। घायल बारातियों को बिलासपुर सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद मौके से ड्राइवर और कंडेक्टर फरार है। तखतपुर पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### युवक पर चाकू व रॉड से हमला

**रायपुर ( ए. )।** बैजनाथ अखाड़ा के पास चार युवकों ने दो युवक से गाली-गलौज कर रॉड व चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नागेश्वर यादव तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने दोस्त संकेत तांडी के साथ बैजनाथ अखाड़ा के तरफ गया था, तभी आरोपी साहिल, असरफ ईमरान व गोलू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर रॉड व चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा आर्म्स एक्ट 25,27, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

मृतक के व्यवहार से परेशान थे परिवार के लोग | दो भाइयों ने मिलकर दिया वारदात को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

# जशपुर जिले में नशेड़ी पुलिस कर्मी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या

*जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नशेड़ी पुलिस कर्मी की उसके भाइयों ने डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। शराब के नशे में गाली गलौच करने से विवाद शुरू हुआ और उसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। दो भाइयों ने अपने नशेड़ी पुलिस कर्मी भाई की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान उनका एक और भाई और पुलिस कर्मी की पत्नी बीच बचाव करने का प्रयास किया लेकिन तब तक देर हो गई। बेहोशी की हालत में तीनों भाई उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कुनकुरी थाना क्षेत्र का है।*

श्रीकंचनपथ न्यूज

इस मामले में कोरनेलियुस टोप्पो (60) निवासी रमसमा कजरा थाना नारायणपुर जिला जशपुर ने शुक्रवार सुबह कुनकुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उसने बताया कि वे चार भाई है। सबसे बड़ा भाई फिरदियुस टोप्पो परिवार सहित सागर (मप्र) में रहता है। छोटा संझला भाई रूबेन टोप्पो परिवार सहित रायपुर में रहता है। सबसे छोटा भाई प्रभात टोप्पो जिला बल पुलिस में रायगढ जिला में आरक्षक के पद पर कार्यरत है। प्रभात टोप्पो शराब पीने का आदी है औ इसके कारण वह नौकरी ठीक से नहीं करता था। करीब 3-4 साल पहले नौकरी छोड़कर अपने घर हर्राडांड में आकर परिवार साथ रहता था। रोज शराब पीकर घर में अपने पत्नी व बच्चों के साथ लडाई झगड़ा व मारपीट करता




था। उसकी पत्नी व बच्चे डर से उनके रिश्तेदार के घर में रात में सोने चले जाते थे। मृतक के व्यवहार से उसके परिवार के लोग काफी परेशान थे।

कोरनेलियुस टोप्पो ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 की सुबह 7 बजे वह व उसके छोटे भाई प्रभात टोप्पो की पत्नी किराये के गाड़ी में एक रिश्तेदार के दफन कार्यक्रम में शामिल होने पत्थलगांव बीटीआई चौक के पास गये थे। वहां पर प्रार्थी का संझला भाई रुबेन टोप्पो भी रायपुर से आया था। दफन-कफन करने के बाद रूबेन टोप्पो को साथ लेकर प्रार्थी लोग पत्थलगांव से अपने छोटा भाई प्रभात टोप्पो के घर हर्राडांड रात करीब 8:30 बजे पहुंचे। बड़ा भाई फिरदियुस टोप्पो पहले से प्रभात टोप्पो के घर में आकर रुका था। कुछ देर बाद उसका छोटा भाई प्रभात टोप्पो नशे के हालत में घर पहुंचा।

इस दौरान फिरदियुस टोप्पो और रुबेन टोप्पो ने मिलकर प्रभात टोप्पो को दारू पीकर आने पर डांट झपट लगाई। तब प्रभात टोप्पो ने आक्रोशित होकर कहा कि मैं पुलिस वाला हूं और मेरे घर में आकर मुझे डांट रहे हो तुम दोनों को अंदर करवा दूंगा। इतना कहने के साथ ही तीनों में विवाद शुरू हो गया। फिरदियुस टोप्पो और रूबेन टोप्पो ने मिलकर डंडे से प्रभात टोप्पो को उसके घर के सामने आंगन में पिटाई करने लगे। इस दौरान कोरनेलियुस टोप्पो और प्राभत टोप्पो की पत्नी ने बीच बचाव किया लेकिन विवाद थमा नहीं। ज्यादा पिटाई से प्रभात टोप्पो बेहोश हो गया। इसके बाद तीनों भाई रात में ही बोलेरो गाडी में होलीक्रास अस्पताल कुनकुरी लेकर आये जहां डाक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। इस मामले में कुनकुरी पुलिस ने धारा 302, 34 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी फिरदियुस टोप्पो और रूबेन टोप्पो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, एएसपी अनिल सोनी के निर्देशन व एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, थाना प्रभारी कुनकुरी मल्लिका तिवारी सहित टीम एसआई खोमराज ठाकुर, एएसआई रामजी साय पैंकरा, मनोज कुमार साहू, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, आरक्षक चन्द्रशेखर बंजारे, अमित एक्का आदि की इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नक्सलियों ने की कांग्रेस नेता की हत्या, 20 नक्सली पहुंचे थे गांव

जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में कांग्रेस नेता व पूर्व जनपद सदस्य की नक्सलियों ने बेरहमी से हत्या कर दी। 20 से अधिक की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने पहले जनपद सदस्य को घर से बाहर निकाला और घर के सामने ही हत्या कर दी। इसके बाद नक्सली भाग गए। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार कांगेस नेता जोगा पोडियामी पूर्व जनपद सदस्य



रह चुका है। कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते हुए इन दिनों वह लोकसभा चुनाव की कैंपेनिंग भी कर रहा था। बताया जा रहा है जोगा की इन्हीं गतिविधियों के कारण वह नक्सलियों की हिट लिस्ट में भी था। शुक्रवार की रात को करीब 20 से अधिक नक्सली जोगा पोडियामी के घर पहुंचे। जहां से उसे घर के बाहर लाकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई।

बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव में कैंपेनिंग के लिए चेतावनी भी दी थी। इसके बाद जोगा अपना काम करता रहा। लगातार लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करता रहा। शुक्रवार रात को नक्सलियों ने उसे टारगेट किया और निर्ममता से उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग की जा रही है।

## नाबालिग का अपहरण के बाद रेप, झारखंड के हजारीबाग से पकड़ाया बदमाश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नाबालिग का अपहरण के बाद रेप का मामला सामने आया है। बदमाश नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ हजारीबाग झारखंड ले गया और वहां उससे दुष्कर्म किया। इधर इस मामले में नाबालिग की मां ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने बदमाश का पता लगाया और उसे हजारीबाग झारखंड से गिरफ्तार किया। नाबालिग को उसके परिजनों को सौंपा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366(क), 376 भा.द.सं. 4 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यह पूरा मामला जिले के लोदाम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना लोदाम क्षेत्र की 45 वर्षीय महिला ने 23 अप्रैल को सूचना दी कि 15 अप्रैल 2024 की दोपहर से इसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा नाबालिग पुत्री का आसपास रिश्तेदारों में पता-तलाश किया गया। इस मामले में पुलिस ने पहले अपहरण का मामला दर्ज किया। मामले में पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर अपहृता की पतासाजी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी जल्द करने के निर्देश दिये।

प्रकरण की विवेचना दौरान सायबर सेल एवं मुखबीर सूचना से अपहृता का लोकेशन ग्राम चुड़को जिला हजारीबाग (झारखंड) मिलने पर तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। टीम द्वारा ग्राम चुड़को जाकर दबिश देकर धर्मेन्द्र मुर्मु के कब्जे से नाबालिग बालिका को छुड़ाया। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया। महिला पुलिस अधिकारी ने जब नाबालिग से पूछताछ की तो उसने बताया कि धर्मेन्द्र मुर्मु उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और अलग अलग स्थानों पर उससे दुष्कर्म किया। नाबालिग के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी राकेश यादव, एएसआई कमल राठिया, आरक्षक हरिहर यादव, आरक्षक हरिश एवं सायबर सेल के एएसआई हरिशंकर राम, आरक्षक अनिल सिंह, सोनसाय भगत की भूमिका अव्वल रही है।

# राजधानी में एक्टिवा सवार से लूट

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सड़क पर गाड़ी रोककर लूट का मामला सामने आया है। मामले में पीडित की शिकायत पर पुलिस ने 2 नाबालिगों समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब इन तीनों को पकड़कर पूछताछ की, तो 3 और चोरियों का खुलासा हो गया। पुलिस ने चोरों के पास से 2 लाख 20 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। यह मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक पान की दुकान से लौट रहे आरिफ कुरैशी से लूट हुई। वह अपनी कचना स्थित पान दुकान से घर जा रहा था तभी जगन्नाथ मंदिर गायत्री नगर रोड के पास तीन लड़के सामने से दोपहिया पर पहुंचे। उन्होंने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती उसे गाड़ी से नीचे उतार दिया। आरोपियों ने आरिफ की जेब में रखे 2100 रुपये कैश और एक मोबाइल को लूट लिया। आरिफ ने उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की, तो नाबालिग ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद तीनों मौके से भाग गए। इसके बाद आरिफने थाने में मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत की मदद से दो नाबालिग समेत खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कविता नगर में रहने वाले वासुदेव यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की, तो चोरी के तीन और मामलों का खुलासा हो गया। पुलिस को आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इसके 3-4 दिन पहले जीवन विहार कॉलोनी तेलीबांधा के एक घर में चुपके से घुसकर मोबाइल चुराया था। इसके 6-7 दिन पहले शंकर नगर के रेस्टोरेंट के पास से बाइक की चोरी की थी। इस घटना के 8-9 दिन पहले कविता नगर के एक घर से भी मोबाइल चोरी की थी। आरोपी ये चोरियां अपने शौक पूरा करने के लिए करते थे। वे रुपयों को नशेबाजी और अय्याशी में उड़ा दिया करते थे।

# बाइक चोर के गिरोह का भंडाफोड़

### 22 मोटर साइकिल के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। 5 चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 22 मोटरसाइकिल जब्त की है। ये कार्रवाई एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर टिकरापारा थाना पुलिस ने की है।

दरअसल, 2024 में थाना टिकरापारा से लगातार वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही थी। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे द्वारा थाना एक टीम तैयार कर प्रकरण के चोरी गए वाहनों जांच शुरू की। टीम के सदस्यों द्वारा घटना को गंभीता देखते हुए तत्काल घटना स्थलों में लगे सीसीटीव्ही कैमरा का फुटेज को खंघाला गया और लगातार फुटेज के आधार पर पुराने चोरी के मामले में जानकारी जुताई जा रही थी। पुलिसकर्मी भी सादी वर्दी में चौक चौराहे और बाजारों में जाकर नजर बनाये हुए थे। इसी बीच 25 अप्रैल को गोकुल नगर शराब दुकान के पास गोवर्धन दास उर्फ विक्की नाम के युवक को बाइक चुराते हुए पकड़ा गया। कड़ी पूछताछ आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों तक पहुंचकर विभिन्न जगहों से चोरी किये वाहनो को उनसे बरामद किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 22 बाइक बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में गोवर्धन दास उर्फ विक्की पिता भेयी दास मानिकपुरी 24 साल साकिन ग्राम डूण्डा (भाटापारा) थाना मुजगहन जिला रायपुर, तारेन्द्र साहू पिता जीवन लाल साहू 23 साल साकिन ग्राम डूण्डा थाना मुजगहन जिला रायपुर, तेजराम साहू पिता हीवन साहू 23 साल साकिन ग्राम डूण्डा (भाटापारा) थाना मुजगहन जिला रायपुर, मोनू बंजारे पिता लस्कर बंजारे 18 साल साकिन सेजबहार लीम चैक थाना मुजगहन जिला रायपुर, रोशन साहू पिता परसराम साहू 22 साल साकिन भाठापारा सेजबहार थाना सेजबहार रायपुर छग है।

पत्नी के मायके में रहने से था नाराज

# भिलाई में दामाद ने अपने ही ससुर पर की एयरगन से फायरिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र में दामाद ने ससुर पर एयर पिस्टल से फायरिंग कर दी। पत्नी के मायके में रहने नाराज था और गुरुवार को जब लेने पहुंचा तो विवाद हुआ। इस दौरान दामाद ने फायरिंग कर दी। इससे ससुर की आंख के नीचे में एयर पिस्टल से निकली गोली का छर्रा लगा। पहले तो उन्हें शास्त्री अस्पताल ले जाया गया जहां से स्पर्श अस्पताल में भर्ती किया गया। फिलहाल पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुपेला लक्ष्मी नगर निवासी चंद्रभूषण की शादी पांच रास्ता सुपेला निवासी ओम प्रकाश राय की बेटी से हुई थी। शादी के बाद सब ठीक थी। कुछ दिन पहले चंद्रभूषण से विवाद कर उसकी पत्नी मायके चली गई। इसके बाद चंद्रभूषण ने कई बार बात की



और वापस बुलाया लेकिन वह नहीं लौटी। बताया जा रहा है कि गुरुवार को चंद्रभूषण एयर पिस्टल लेकर अपने दोस्त के रोशन के साथ अपनी बेटी को लेने ससुराल पहुंचा। बेटी को ले जाने गाड़ी में बैठा ही रहा था कि ससुर ओमप्रकाश से उसका विवाद हो गया।

इस दौरान ससुर और दामाद के बीच जमकर बहस हुई और दामाद ने ससुर पर एयरगन से हमला कर दिया। इससे ओम प्रकाश बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना सुपेला पुलिस को दी गई। मामले में सुपेला पुलिस ने आरोपी दामाद और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध कायम कर आरोपी दामाद चंद्रभूषण सिंह के दोस्त रोशन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी दामाद चंद्रभूषण फरार है।

### खरीदारी करने निकले थे बाप-बेटी को हाइवा रौंदा, दो की मौत

**जशपुर।** बगीचा थाना क्षेत्र के देवडांड गांव से बड़ी खबर सामने आई है। जिसमें हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार पिता और पीछे बैठी बेटी की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे बेटे का पैर कट जाने से उसे गम्भीर हालत में अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के बारे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि रामसलोने मिश्र ने बताया कि लगभग 12 बजे के करीब सोनगेरसा निवासी नइहर साय उम्र 46 वर्ष अपनी 20 वर्षीय बेटी कांति के साथ उसकी शादी की खरीदारी करने बाजार जाने के लिए बाइक से निकले थे। बाइक नइहर साय का बेटा जगेश्वर राम चला रहा था। इसी समय देवडांड गांव के पास एक हाइवा ट्रक गुजरा। जिसकी चपेट में आने से यह दर्दनाक हादसा हुआ। इस हादसे में मृत कांति बाई की शादी तीन दिन बाद 30 तारीख को होने वाली थी।घर में शादी की सभी तैयारियां की जा रही थी। इस घटना से घर में कोहराम मच गया है। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। बगीचा पुलिस मौके पर है और हाइवा को जब्त कर फरार चालक की तलाश कर रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले को किया गौरवान्वित

**दुर्ग।** प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं सत्र 2023-24 में अध्ययनरत गणित विषय के 44 विद्यार्थियों ने आई.आई.टी. जे.ई.ई. मेन्स के लिए फार्म भरा था। उक्त 44 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थी आई.आई.टी. जे.ई.ई. एडवांस में क्वालीफाईड हुए है। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग मुख्यालय मालवीय चौक में संचालित हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक 500 विद्यार्थियों को नि:शुल्क अध्ययन के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क कोचिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें चयनित संस्था गुरुकृपा कैरियर इंस्टीट्यूट का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रशासन एवं चयनित संस्था द्वारा प्रात: 6 बजे से शाम 5.30 बजे तक अध्यापन एवं कोचिंग के साथ साथ व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न क्रियाकलाप, व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूर्ण किए जाने का ही परिणाम है जो उक्त बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। परीक्षा परिणाम से विभाग एवं जिला प्रशासन गौरन्वित हुआ है। इसके पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2023-24 में अत्यधिक सफलता मिली है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त क्वालीफाईड हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईआईटी. जे.ई.ई. एडवांस में सफल होने का शुभकामनाएं दी है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी तथा हेमन्त कुमार सिन्हा सहायक आयुक्त के साथ कोचिंग संचालक एवं प्रशासकीय अधिकारी तथा अधीक्षकों ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए कलेक्टर सु चौधरी से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया है तथा उक्त क्वालीफाईड हुए विद्यार्थियों को एडवांस में सफल होने हेतु कड़ी मेहनत करने में सहयोग देते हुए अच्छा परिणाम देने हेतु आश्वस्त किया।

### डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र में 28 अप्रैल से एक मई एवं 4 से 6 मइतक मतदान

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम से विधानसभावार सुविधा केन्द्र साईंस ब्लाक बीआईटी कॉलेज दुर्ग में 28 अप्रैल से 01 मई एवं 04 से 06 मई 2024 तक मतदान कराए जाने हेतु अधिकारी-कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन-62 के लिए सुविधा कैन्द्र साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22 में सहायक प्राध्यापक सोमाली गुप्ता शा.वि.या.ता.महा.वि., श्रीमती के.पदमावती, सहा.ग्रे.2 साकेत तिवारी वाणिज्यकर, नगर निगम सहा.ग्रे 2 संजय निर्मलकर, सेजस शिक्षा विभाग सहा.ग्रे.3 सोनल साहू, नगर पालिक निगम सहा.रा.निरी. भगत सिंह यादव, डा.एं.आ. वाणिज्यकर ममता, भृत्य गंगा यादव की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण-63 के लिए सुविधा कैन्द्र साइंस ब्लाक भू तल कक्ष क्रमांक 05 में सहा. प्रा. शा.महा.उतई डॉ.सीमा अग्रवाल, सहा.प्रा.साईंस कॉलेज डॉ.अंशुमाला चंदनगर, डा.एं.आ. सीएसवीटीयू सत्यप्रकाश मिश्रा, ओंकार कश्यप, नगर पालिक निगम सहा.रा.निरी. सुरेश कुमार श्रीवास्तव, डा.एं.आ. वाणिज्यकर त्रिलोचनी आर्या, डा.एं.आ.भि.म.महा. कल्पना निहाल, भृत्य टोमन साहू की ड्यूटी लगाई गई है। निगम सहा.रा.निरी. शशिकांत यादव, डा.एं.आ. वाणिज्यकर लिलेश्वरी, भृत्य गजराज यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

# वोट करो और डिस्काउंट लो: दुकानों में मतदान की स्याही दिखाने पर मिलेगी छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय दुर्ग में व्यापारिक संगठनों की बैठक ली गई। बैठक में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं निर्वाचन के दिन मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा वोट करके शॉप में खरीदी करने वालों को छूट की घोषणा की गई है। घोषणानुसार 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर इंदिरा मार्केट के दुकानों पर डिस्काउंट मिलेगी।**




जिसमें सराफा व्यापारी संघ द्वारा मतदाताओं को मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट, रेडीमेड कपड़ा एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया व्यापारियों द्वारा प्रति क्विंटल 50 रुपए की छूट, फर्नीचर व्यापारियों द्वारा 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20 प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक एवं ड्राय फरूट्स में 15 प्रतिशत की छूट एवं पूजा सामग्रियों में 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गई है।

बैठक में एसडीएम श्री मुकेश रावटे, उपायुक्त श्री मोहेंद्र साहू, श्री चंदन मनहरे एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। व्यापारी संगठन के पदाधिकारियो ने अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली एवं पहले मतदान और उसके बाद जलपानष् के नारे लगाए। बैठक में चंदन मनहरे सहित छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन पवन बड़जात्या, प्रदेश मंत्री अशोक राठी, बहादुर अली, मनीष पटेल, अनुराग अग्रवाल, प्रह्लाद कश्यप, अरुण अग्रवाल, आकाश बड़वानी, संतोष बजाज,लव खत्री आदि मौजूद रहे।

### स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, मित्तल हॉस्पिटल, पल्स अस्पताल भिलाई एवं एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर चिखली की अभिनव पहल

#### मतदाता जागरूकता के लिए निजी अस्पतालों की भागीदारी

जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत तृतीय चरण में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न होगा। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक और प्रोत्साहित करना भी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में अधिक से अधिक लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित करने हेतु स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, मित्तल हॉस्पिटल, पल्स अस्पताल भिलाई एवं एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर चिखली द्वारा एक अभिनव पहल की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सु ऋचा प्रकाश चौधरी को अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने पहल के संबंध में पत्र सौंपे गये है। कलेक्टर सु चौधरी ने मतदाता जागरूकता हेतु निजी अस्पतालों की भागीदारी का सराहना करते हुए अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल भिलाई में 07 मई 2024 (मंगलवार) को मतदान के पश्चात् जो व्यक्ति की ओ.पी.डी. में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आकर अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा उसे उस दिन नि:शुल्क ओ.पी.डी. परामर्श दिया जाएगा। 08 मई 2024 से 12 मई 2024 (बुधवार से रविवार) तक ओ.पी.डी. में आए व्यक्ति को उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओ.पी.डी. परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मतदान के पश्चात जो व्यक्ति की ओ.पी.डी. में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आकर अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा उसे उस दिन नि:शुल्क आ दिया जायेगा।

## शुरू हुआ देशी गुड वाला प्याऊघर, विधायक रिकेश सेन ने किया शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए समाज सेवियों द्वारा जगह जगह प्याऊघर शुरू किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को सुपेला घडी चौक पर एक अलग ही प्याऊघर का शुभारंभ हुआ। विधायक रिकेश सेन ने यहां देशी गुड के पानी वाले प्याऊघर का शुभारंभ किया।

घड़ी चौक सुपेला में विधायक प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह द्वारा प्याऊ घर प्रारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भीषण गर्मी तेज धूप में शहर की यातायात व्यवस्था को सम्हालने वाले सिपाही को शीतल जल पिला कर किया। इस प्याऊ घर में देशी गुड़ और मटके का शुद्ध शीतल जल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नागरिकों व यात्रियों के सेवार्थ उपलब्ध रहेगा।

## यशवंतपुर के लिए छत्तीसगढ़ से चलेगी एक समर स्पेशल ट्रेन

### दुर्ग से पटना व छपरा स्पेशल का गोंदिया तक विस्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में बढ़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे लगातार समर स्पेशल ट्रेनों को चला रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा भी व्यस्त रूट पर समर स्पेशल ट्रेनों को शुरू किया गया। दुर्ग से पटना व छपरा के लिए समर स्पेशल चल रही है। वहीं अब यशवंतपुर (बेंगलुरू) की ओर बढ़ते वेटिंग को देखते हुए बिलासपुर से यशवंतपुर तक 9 फेरों के लिए समर स्पेशल शुरू किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों को अधिक से अधिक रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। गाडी




संख्या 08793/08794 दुर्ग-पटना-दुर्ग तथा गाड़ी संख्या 08795/08796 दुर्ग-छपरा-दुर्ग ट्रेनों का गोंदिया तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार ग्रीष्मकालीन भीड़ के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बिलासपुर-यशवंतपुर के मध्य 09 फेरो के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है। गाडी संख्या 08291 बिलासपुर से यशवंतपुर के बीच प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को तथा गांडी संख्या 08292 यशवंतपुर से बिलासपुर के बीच सोमवार व गुरुवार को चलेगी। इसकी विस्तृत समय सारिणी इस प्रकार है।

## मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग विभाग ने सेकेंडरी सेल्स में दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग विभाग द्वारा, 36400 टन की डिफेक्टिव स्टील कटिंग आइटम की सेकेंडरी सेल्स ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया है। यह बिक्री 19 अप्रैल, 2024 को ऑक्शन के माध्यम से की गई थी। डिफेक्टिव स्टील आइटम के लिए सिंगल ऑक्शन सेल में पिछली उपलब्धि, दिसंबर 2020 में प्राप्त हुई थी।**



महाप्रबंधक श्री जगन्नाथ रथ के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक मनोज कुमार के साथ, मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग टीम ने ऑनलाइन फॉरवर्ड ऑक्शन के कई सेल्स रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, कोल केमिकल सेल से प्राप्त आय, लगातार दूसरी बार वित्त वर्ष 2023-24 में 600 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ग्रेनुलेटेड स्लैग का डिस्पैच 25.31 लाख टन है, जो कि एक वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच है। जो 2022-23 के दौरान हासिल किए गए, 22.59 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच से अधिक है। भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देता है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मांगों को पूरा करता है। चाहे वह विशेष उत्पादों की उपलब्धता की जांच करना हो, ग्राहकों की आवश्यकताओं को जानना और केंद्रीय विपणन संगठन को उत्तर भेजना हो, प्राइम आइटम के साथ-साथ सेकेंडरी आइटम की बिक्री निष्पादित करनी हो भिलाई इस्पात संयंत्र उन्हें करने हेतु हमेशा तैयार रहता है। साथ ही ग्राहक द्वारा ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित करना हो, वस्तुओंध्उत्पादों के प्रेषण के लिए डिलीवरी ऑर्डर जारी करना हो या ग्राहकों की प्रतिक्रिया पर काम करना हो, मार्केटिंग एवं बिजनेस प्लानिंग विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के सेल्स लूप को आसानी से पूरा कर रहा है। विभाग की जिम्मेदारी, उत्पादन, योजना और नियंत्रण - पीपीसी विभाग के साथ समन्वय करके विशेष उत्पाद तैयार करना है। इसके साथ ही स्टॉकयार्ड में उपलब्धता सुनिश्चित करना और इसे सीएमओ के माध्यम से ग्राहक तक भेजना की जिम्मेदारी भी विभाग की होती है। सेकेंडरी सेल्स के लिए संरक्षक विभाग, डिस्पोजल यार्ड, मटेरियल रिकवरी डिपार्टमेंट और माइंस में सामग्री की उपलब्धता की जांच की जाती है। फिर सामग्री के विवरण के साथ कैटलॉग बनाया जाता है। बीएसपी द्वारा ऑक्शन ऑनलाइन आयोजित की जाती है। सेल ऑफर के लिए भुगतान प्राप्त होने के बाद, विपणन विभाग द्वारा डिलीवरी ऑर्डर जारी किया जाता है। यह गर्व की बात है कि हाल ही में पहली बार 10,000 टन बीएफईएसपी डस्ट बेचा गया है।

## युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल के निवास में रोहित सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया।

जिसमे मुख्य रूप से सुमित सिंह, अंकित शर्मा, सागर चंद्राकार, आसिफ, सूर्या नायर, शुभम शुक्ला, रिषभ, अमन सिंह, अंकित चद्रकार, रिसभ तोरले अमित सिंह, अभिषेक सिंह, अनीश सिंह,मुकुल पटेल शामिल थे।

# हिंदीभाषी 130 से ज्यादा छात्रों ने भारतीय संस्कृति को जीवंत किया अमेरिका में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अमेरिका में बसे भारतवंशियों की संस्था हिंदी यूएसए ने हाल ही में अपना बहुप्रतीक्षित दूसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शानदार सफलता और उत्साह के साथ मनाया। हिंदी-यूएसए के 85 से ज्यादा समर्पित स्वयंसेवकों के साथ 130 से ज्यादा हिंदी भाषी छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक पहल के साथ शानदार कलात्मक प्रतिभा से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान भारत के महावाणिज्य दूतावास, शिकागो के प्रेस, सूचना और सांस्कृतिक मामलों के वाणिज्य दूत संजीव पाल समारोह के मुख्य अतिथि थे।**



उत्सव की शुरुआत हिंदी-यूएसए के संस्थापकों मयंक जैन और डॉ. अंशू जैन के द्वारा हुई, जिन्होंने इस अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या की रूपरेखा तैयार की थी। ये युगल संस्थापक इस्पात नगरी भिलाई के रहने वाले है। मयंक जैन कपड़ा व्यापारी सुरेश चंद जैन के पुत्र और डॉ अंशु जैन अंचल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन डॉ मदन लाल जैन की सुपुत्री हैं। हिंदी-यूएसए के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र हिंदी सीख रहे 130 प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा 21 मनोरम प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था। इस प्रदर्शन में नृत्य और स्किट के माध्यम से हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन धर्म जैसे प्रमुख धर्मों तथा दीपावली, ईद, होली, महाशिवरात्रि, नवरात्रि, संक्रांति, कृष्ण जन्माष्टमी, गणगौर और बैसाखी जैसे प्रमुख त्योहारों का प्रतिनिधित्व किया गया।

महाभारत और रामायण जैसे प्राचीन महाकाव्यों के पुनर्कथन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा भक्ति गीत, बच्चों का आर्केस्ट्रा और चार शिक्षकों के समूह द्वारा प्रस्तुत भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर एक प्रभावशाली नृत्य भी खूब सराहा गया। उपस्थित लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया साथ ही गहनों, कपड़ों की खरीदारी और स्वादिष्ट भारतीय स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाया!

इस कार्यक्रम के संचालन में मेघना लुंकड़ और शुचि खंडेलवाल ने अपने ऊर्जावान और रोचक तरीके से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी एंकरिंग कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन में पार्कवे स्कूल बोर्ड के अध्यक्ष जेफ टॉड, बोर्ड के सदस्य डेबोरा हॉपर और पार्कवे स्कूल के अधीक्षक कीथ मार्टिन, रॉकवुड स्कूल के जिला उपाध्यक्ष तमारा रोमबर्ग और बोर्ड के निदेशक कैरी बेचर्ट सहित विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति देकर आयोजन की शोभा बढ़ाई।

इस दौरान लिटिल एंजल्स फाउंडेशन के रिज़ा खान, अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, सेंट लुइस से डॉ. लिंडा ओगबा फास, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर/सेंट लुइस मोज़ेक परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधक एनी मेबल, वेस्ट न्यूज़ मैगज़ीन और मिड रिवर्स न्यूज़ मैगज़ीन के मालिक शेरोन ह्यूबर, प्रोग्रेस 64 वेस्ट और वीपी एंटरप्राइज बैंक और ट्रस्ट के अध्यक्ष डेबी शॉ, वेस्ट न्यूज़ मैगज़ीन से लॉरा सैंगर, और चेस्टरफील्ड शहर के काउंसिल सदस्य, एमओ गैरी श्रीपेरंबदूर और मेरेल हेन्सन की उपस्थिति के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।

#### राजा गिल हुए भाजपा में शामिल

## विधायक रिकेश सेन व जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने दिलाई सदस्यता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव के दौरान लगातार कांग्रेस के नेताओं का भाजपा प्रवेश जारी है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस नेता राजा गिल ने भी अब भाजपा का दामन थाम लिया है। राजा गिल ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ विधायक रिकेश सेन व भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर जिला महामंत्री बीरेन्द्र सिंह, वैशाली नगर मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला व बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



राजा गिल के साथ भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से मोहम्मद साकिर, मोहम्मद समीर, सूरज मौर्य , लाला ठाकुर, अरुण चौहान, चुम्मन यादव, जीवनलाल, नंदकुमार, अर्जुन सोनकर, शुभम गुप्ता, चिंटू नायक, धीरज कुमार यादव, देवतोष मूर्ति, मोहम्मद फैज, नीलेश, मोहम्मद जाबाज़, धर्मेन्द्र प्रसाद, जितेन्द्र साहनी, राजा प्रसाद, कमल मनहर, प्रदीप हारा, राहुल सिंह, विशाल सिंह, वासु, रोहित यादव, संजू चौहान, नितेश, जी सोमेश, आफताब अंसारी, तोमन, प्रीतम देवांगन, प्रिंस यादव, विनोद साहू, चित्तू साहू, भागवत, उमेश साहू, रितिक साहू, सरबजीत सिंह आदि शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950